* ओड़िशा संस्करण
19 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 30
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# केंद्रीय राजनीति में फिर प्रभावहीन रहेगी दक्षिण भारत की सियासत

## ■ कर्नाटक से लेकर केरल तक की सियासत से इस बार भी 'भारत की बात' के गायब रहने के आसार

## ■ 131 सांसदों को चुननेवाले पांच राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश मुख्यधारा से अलग क्यों हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

17वें आम चुनाव के मोड में आ चुके दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का एक हिस्सा चुनावी गतिविधियों से अलग-थलग तो नहीं है, लेकिन एकाकी जरूर दिख रहा है। यह हिस्सा है दक्षिण भारत का, जिसमें पांच राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश आते हैं। दक्षिण भारत की सियासत फिलहाल जिस दौर से गुजर रही है, उससे स्पष्ट है कि वहां के राज्यों में लोकसभा चुनाव के नतीजे मिले-जुले तथा विभाजित रहेंगे और केंद्र में नयी सरकार के गठन में इस बार भी उनकी प्रमुख भूमिका नहीं होगी। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर लोकसभा में 131 सांसद भेजनेवाले दक्षिण भारत की सियासत देश की मुख्यधारा की सियासत से अलग-थलग क्यों है। इस सवाल का जवाब शायद इस तथ्य में छिपा है कि 1977 के बाद से जिस तरह दक्षिण भारत में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का वर्चस्व बढ़ा और उसके कारण प्रादेशिक राजनीति में ही लोग इतने व्यस्त हो गये कि उन्हें 'भारत की बात' करने का समय ही नहीं बचा। क्षेत्रीय दलों के वर्चस्व ने दक्षिण की आवाज को दिल्ली तक पहुंचने से न केवल रोक दिया, बल्कि दिल्ली से अपना हक लेने में भी उन्हें पीछे छोड़ दिया। इसलिए दक्षिण भारत के मतदाताओं को इस सवाल पर गंभीरता से सोचना होगा कि क्या वे क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनीति के बीच संतुलन साधने के रास्ते में आगे बढ़ेंगे या फिर अपने सीमित संसाधन से ही संतुष्ट होते रहेंगे। आखिर इतनी अलग क्यों है दक्षिण भारत की सियासत और क्या हैं इसकी संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।


राकेश सिंह

यदि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और दक्षिण भारतीय राजनीति का गहन विश्लेषण किया जाये, तो दो तथ्य सामने आते हैं। पहला, दक्षिण भारत के पांच राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा चुनाव के नतीजे केंद्र में नयी सरकार के गठन के लिए प्रमुख कारक नहीं बनेंगे। दूसरा, इन पांच राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा चुनाव का नतीजा मिला-जुला और विभाजित रहेगा। इन पांच राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से लोकसभा के कुल 131 सदस्य चुने जाते हैं। इनमें सबसे अधिक 39 सांसद तमिलनाडु से चुने जाते हैं।

वर्ष 2019 से दक्षिण भारत के इन राज्यों में कई नये चेहरे उभर कर सामने आये हैं। आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में आध्यात्मिक और सिनेमा जगत का प्रभाव राजनीति पर रहा है। आंध्रप्रदेश के पवन कल्याण और तमिलनाडु के जोसेफ विजय राजनीति के नये चेहरे हैं, जो सिनेमा की पृष्ठभूमि से आये हैं। दक्षिणी राज्यों की राजनीति बिल्कुल स्पष्ट है। इन छह राज्यों में लोकसभा चुनाव का नतीजा बंटा हुआ हो सकता है। बेशक राज्य स्तरीय दलों का कहना है कि दक्षिण की राजनीति में क्षेत्रीय क्षत्रप हावी हैं, लेकिन कांग्रेस या भाजपा का पूरी तरह सूपड़ा साफ नहीं होगा। तमिलनाडु और कर्नाटक को छोड़ दें, तो दक्षिण भारत के राज्यों में से बाकी तीन राज्य एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। आंध्रप्रदेश और तेलंगाना, दोनों तेलुगू भाषी राज्य हैं, लेकिन तेलंगाना काफी आक्रामक है। केरल और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी की राजनीति भी अपनी तरह से चरम पर है।

सबसे पहले बात करते हैं तमिलनाडु की। इस राज्य में 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बड़ा आश्चर्य होनेवाला है। द्रविड़ राजनीति तेजी से खत्म हो रही है और यह तमिलनाडु के 2024 के नतीजों में दिख सकता है। तमिलनाडु के राजनीतिक इतिहास में पहली बार तीन नये चेहरे 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के विजेता का भाग्य तय करेंगे। द्रमुक और अन्नाद्रमुक के अलावा ये तीन नये चेहरे कौन हैं? भाजपा नेता के अन्नामलाई, नाम तमिलर काची के नेता और पूर्व अभिनेता सीमन और तीसरे हैं सिनेमा जगत के मिनी सुपरस्टार जोसेफ विजय। ये तीनों चेहरे पहली या दूसरी बार के मतदाताओं को रिझायेंगे। ये तीनों द्रविड़ पार्टियों से 25 से 30 फीसदी वोट छीन सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में ये अगर इसमें सफल नहीं भी रहे, तो 2026 के विधानसभा चुनाव में तो निश्चित ही ये ऐसा करने वाले हैं। तमिलनाडु में करुणानिधि और जयललिता जैसी कद्दावर शख्सियतों की कमी महसूस की जा रही है। यह स्थान कौन भरेगा? क्या नरेंद्र मोदी या भाजपा के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण वाला कोई व्यक्ति या राहुल गांधी के समर्थन से मल्लिकार्जुन खड़गे। यह ठीक है कि राजग से अन्नाद्रमुक के बाहर निकलने के बाद अन्नाद्रमुक द्वारा कांग्रेस को गठबंधन का प्रस्ताव दिया जा रहा है, लेकिन गठबंधन में पार्टी बदलने का इतना अहम फैसला संभव नहीं है। इसके लिए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा। लेकिन दिसंबर, 2023 से फरवरी, 2024 के बीच मात्र तीन महीने का समय रहता है, इसलिए गठबंधन में छेड़छाड़ या बदलाव नहीं किया जा सकता है।




आंध्र प्रदेश का राजनीतिक संघर्ष भी दिलचस्प है, जहां जगन रेड्डी अपनी पकड़ बनाये हुए हैं। अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार करने का उनका राजनीतिक निर्णय और समय इतना सही था कि जगन रेड्डी की वाइएसआर कांग्रेस एक शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरी। तेलुगू देशम पार्टी के नेता नायडू ने मोदी से माफी मांगने के बजाय मोदी और भाजपा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आंध्रप्रदेश की राजनीति का भविष्य दो चेहरों के बीच बंटा हुआ है, एक हैं नरेंद्र मोदी और दूसरे हैं चंद्रबाबू नायडू। जाहिर है जगन रेड्डी राज्य की राजनीति के केंद्र में हैं। कांग्रेस वहां कोई ताकत नहीं है, क्योंकि उसने एक दशक पहले राज्य को दो भागों में बांट दिया था। तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ है, लेकिन उसकी जगह को हड़पने की कोशिश में भाजपा लगी हुई है। बीआरएस के कद्दावर नेता को परास्त करने के लिए भाजपा के शीर्ष नेता लगातार तेलंगाना का दौरा कर रहे हैं।

केरल में माकपा एक प्रमुख ताकत है। लेकिन मुख्यमंत्री विजयन अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से कैसे निपटेंगे? माकपा और वाम मोर्चा केरल में कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। राहुल गांधी केरल के वायनाड से सांसद हैं। माकपा के दिग्गज नेता अच्युतानंदन ने कहा कि राहुल गांधी को माकपा 2024 के चुनाव में हरा देगी। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कट्टर कांग्रेसी नेता माकपा की ओर रुख कर रहे हैं। इन सबके बीच क्या भाजपा के लिए 2024 में कोई जगह बनेगी? इस सवाल का जवाब संदिग्ध है।

कर्नाटक कांग्रेस के लिए अहम राज्य है, लेकिन क्या मुख्यमंत्री 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर पायेंगे। इसका उत्तर 'नहीं' है। पार्टी के भीतर ही मुख्यमंत्री के कट्टर दुश्मन मौजूद हैं। राज्य कांग्रेस के चार गुट हैं, जो लोकसभा चुनाव से पहले सिद्धारमैया को अपदस्थ करना चाहते हैं। कर्नाटक में खड़गे और गांधी परिवार की परीक्षा होनेवाली है। जनता दल (एस) ने बेहद चतुराई से लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा से गठबंधन कर लिया है। जनता दल (एस) की ओर से कांग्रेस सरकार गिराने की कोशिशें हो रही हैं। चाहे जिस भी तरीके से आप देखें, कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटें नयी दिल्ली में सरकार गठन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस से मतदाताओं की निराशा के कारण भाजपा को अधिक फायदा मिलना तय है।

ऐसे में संक्षेप में कहें तो, या तो राहुल गांधी या नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत की बंटी हुई राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन एक बात तय है कि अगले एक दशक में भाजपा दक्षिण भारत के चार प्रमुख राज्यों-तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बनाने का दावा कर सकती है। पहली बार के मतदाता, जो 2002 में पैदा होने के बाद से नरेंद्र मोदी युग में जी रहे हैं, उन्होंने डिजिटल क्रांति देखी है। वर्ष 2024 का फैसला डिजिटल युवाओं के वोट बैंक, खास कर महिलाओं के वोट बैंक द्वारा होने वाला है।

ऐसे में सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि तकनीकी तौर पर दक्षिण भारत के मतदाता भले ही शेष भारत से आगे हैं, राजनीतिक तौर पर उन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय हितों के प्रति आकर्षण छोड़ना ही होगा, ताकि दिल्ली में उनकी आवाज को ताकत भी मिल सके और लुटियन की दिल्ली में सत्ता के गलियारों में उनकी धमक भी सुनी जा सके। यह सब इस मिले-जुले और क्षेत्रीय राजनीति के नायकों से संभव नहीं दिखता।




## राजनीतिक हलचल

# तेलंगाना में भाजपा मुस्लिम आरक्षण खत्म करेगी : शाह

## भाजपा की सरकार बनी, तो सीएम पिछड़ा वर्ग से होगा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना के गडवाल और जोगुलाम्बा में दो चुनावी रैलियां कीं। इन रैलियों में अमित शाह ने कहा कि अगर तेलंगाना में भाजपा की सरकार आती है, तो राज्य में मुस्लिम आरक्षण को खत्म किया जायेगा। वहीं ओबीसी और एससी-एसटी का कोटा और बढ़ाया जायेगा। अमित शाह ने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि तेलंगाना को 2जी, 3जी और 4जी पार्टियों से मुक्त करें और नरेंद्र मोदी को मौका दें। 2जी का मतलब मुख्यमंत्री केसीआर और उनके मंत्री बेटे केटीआर हैं, जो दो पीढ़ियों से सरकार चला रहे हैं। एआइएमआइएम 3जी पार्टी है। कांग्रेस 4जी पार्टी है। पहले



जवाहरलाल नेहरू थे, फिर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और अब राहुल गांधी। अमित शाह ने कहा कि आगामी चुनाव तेलंगाना का भविष्य तय करेगा। अब यह आपको तय करना है कि आप पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनाना चाहते हैं, या केसीआर के झूठ की सरकार। अमित शाह ने रैली के दौरान कहा कि अगर भाजपा की सरकार बनती है तो हमारा मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से होगा। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी घोषणा की है। कांग्रेस और केसीआर दोनों पार्टियों ने टिकट देने में पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय किया। भाजपा ने सबसे ज्यादा टिकट पिछड़े वर्ग को दिये हैं। पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में पिछड़े वर्ग से 27 मंत्री हैं। मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया है। कांग्रेस और टीआरएस दोनों ने पिछड़े वर्गों को धोखा दिया है।

19 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 30



## शुभकामनाएं

आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतको, समेत तमाम झारखंड वासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। –प्रबंधक

## अवकाश की सूचना

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 19 नवंबर 2023 (रविवार) को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 21 नवंबर 2023 (मंगलवार) को प्रकाशित होगा। –प्रबंधक

## न्यूज रील्स

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों में केंद्रीय सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीमों ने मणिपुर के बिष्णुपुर और अंतर-जिलों के संवेदनशील स्थानों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान में हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद किया है। शनिवार सुबह छह बजे से आठ बजे तक 5 सिख रेजिमेंट, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान बिष्णुपुर पुलिस स्टेशन के तहत उयुकपोक गांव के एक स्थान पर किये गये ऑपरेशन में मैगजीन के साथ दो एसएलआरएस, जीवित गोला-बारूद के साथ एक कार्बाइन, चार ग्रेनेड, एक स्मोक बम, दो इंच पैरा बम और विस्फोटक सामग्री जब्त की गयी है।

### नहीं पहुंची एंबुलेंस महिला की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीरें सामने आयी हैं। यहां पर गांव का रास्ता खराब होने से कोई वाहन और एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीज को परिजन खाट से रस्सियों से बांधकर अस्पताल ले जाते दिखे, लेकिन महिला ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। यह घटना मालदा के बामनगोला थाना क्षेत्र की गोबिंदपुर-महेशपुर ग्राम पंचायत के मालडांगा गांव की है।

# महावर्प छठ की धूम, खरना संपन्न, पहला अर्घ्य आज

## ■ देर रात तक खरना का प्रसाद ग्रहण करने की लगी रही होड़

## ■ व्रतियों-श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए घाट सज-धज कर तैयार

**आज सूर्यास्त : 5.02 बजे** | रांची | **कल सूर्योदय : 6.05 बजे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धरती के एकमात्र प्रत्यक्ष देवता भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ की पवित्रता और आस्था में झारखंड समेत पूरा देश तल्लीन है। लोक आस्था के इस चार दिवसीय पवित्र पर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना या लोहंडा संपन्न हो गया। शाम को खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है।

शनिवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे, जबकि रविवार को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ ही छठ का व्रत समाप्त हो जायेगा। शनिवार को देर रात तक खरना का प्रसाद लेने की होड़ मची रही। छठ व्रतियों द्वारा भोग लगाये जाने के बाद श्रद्धालुओं के बीच गाय के दूध, चावल और गुड़ की बनी खीर और रोटी का प्रसाद वितरित किया गया।



### बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

छठ सामग्री की खरीद के लिए बाजारों में भीड़ लगी रही। बांस के सूप, टोकरी, फल और दूसरी पूजन सामग्रियों के लिए विभिन्न बाजारों में सैकड़ों दुकानें लगायी गयीं। खरीदारी का यह क्रम रविवार को भी जारी रहेगा। बाजारों के अलावा आटा चक्कियों में भी भीड़ रही। गेहूं पिसाने के लिए सुबह से ही लोग कतार में लग गये थे। कई आटा चक्की संचालकों ने छठ पूजा के लिए गेहूं की मुफ्त पिसाई की।

### रांची में 72 घाटों में दिया जायेगा अर्घ्य

छठ व्रत को लेकर राजधानी रांची में तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रांची में लगभग 72 छोटे-बड़े ऐसे घाट हैं, जहां भक्त अस्ताचलगामी और उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देंगे। इन सभी घाटों के लिए प्रशासन और नगर निगम की ओर से तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शहर के प्रमुख छठ घाट, बड़ा तालाब, हटनिया तालाब, कांके डैम, धुर्वा डैम, रुक्का डैम, शालीमार तालाब, जेल तालाब, चडरी तालाब, स्वर्णरेखा नदी केतारी बगान चुटिया, बनस तालाब चुटिया, नायक तालाब चुटिया और बटन तालाब डोरंडा में तमाम तैयारियां की गयी हैं। इन जगहों पर पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गयी है। छठ घाट तक पहुंचनेवाली सड़कों की सफाई की गयी है और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। राजधानी रांची में शहर के भीतर विभिन्न घाटों में चार लाख के करीब लोग अर्घ्य देंगे। ऐसे में सामान्य दिनों के मुकाबले अधिक भीड़ रहने वाली है। ऐसे में प्रशासन ने किसी भी तरह की अनहोनी न हो, लोगों को जाम आदि में परेशान न होना पड़े, इसे लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किया है।

### छठ व्रत का महात्म्य

महाभारत के अनुसार कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और इस पर्व की शुरुआत सूर्यपुत्र कर्ण ने ही सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण प्रतिदिन घंटों कमर तक पानी में खड़े रहकर सूर्य पूजा करते थे और उनको अर्घ्य देते थे। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही पद्धति प्रचलित है। इस संबंध में एक कथा और भी है कि जब पांडव अपना सारा राजपाट कौरवों से जुए में हार गये थे, तब द्रौपदी ने छठ का व्रत किया था। इस व्रत से पांडवों को उनका सारा राजपाट वापस मिल गया था।

## क्रिकेट के महाकुंभ का फाइनल

# भारत की ऑस्ट्रेलिया से आज होगी भिड़ंत



● अहमदाबाद में एयर शो से लेकर संगीत का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप का फाइनल मैच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। दोनों टीमें इसके लिए तैयार हैं और बीसीसीआइ ने भी मुकाबले को यादगार बनाने के लिए कमर कस ली है। उसने मैच से एक दिन पहले शनिवार को बताया कि फाइनल के लिए क्या-क्या कार्यक्रम होंगे। बोर्ड ने सभी कार्यक्रमों की सूची जारी की और समय भी बताया। बीसीसीआई के मुताबिक, मैच से पहले भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम 'सूर्य किरण' एयर शो का प्रदर्शन करेगी। यह कार्यक्रम टॉस के ठीक बाद दोपहर 1:35 बजे शुरू होगा। एयर शो 15 मिनट तक चलेगा और 1:50 मिनट पर यह समाप्त हो जायेगा। इसके लिए 'सूर्य किरण' टीम ने शनिवार को अभ्यास भी किया। मैच के दौरान पहली पारी में जब ड्रिंक्स ब्रेक होगा, तब गायक आदित्य गढ़वी परफॉर्म करेंगे। इसके बाद मैच की पहली पारी समाप्त होने के बाद मशहूर संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती का कार्यक्रम होगा। उनके अलावा मशहूर गायिका जोनिता गांधी, नकाश अजीज, अमित मिश्रा, आकाश सिंह और तुषार जोशी भी परफॉर्म करेंगे। इसके बाद दूसरी पारी में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान लेजर और लाइट शो का आयोजन होगा।

**आसमान में दिखेगा विजेता का नाम :** विश्व कप के इतिहास में यह पहली बार होगा, जब विश्व चैंपियन का नाम ट्रॉफी के साथ आसमान पर लिखा जायेगा। यह 12 सौ ड्रोन के जरिये फेंकी जाने वाली रोशनी के जरिये संभव होगा। विजेता को ट्रॉफी सौंपने के बाद पूरा नरेंद्र मोदी स्टेडियम अनूठी आतिशबाजी में नहा जायेगा।


# गिरिडीह में पेड़ से टकरायी कार, छह की मौत

**विवाह समारोह से लौट रहे थे लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बिरनी और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके सिंधवारिया के बाघमारा गांव में शनिवार तड़के सड़क हादसे में छह बारातियों की मौत हो गयी। मृतकों में चार की पहचान मो यूसुफ मियां (72), इम्तियाज मियां (40), सुभान अंसारी (35) और स्कार्पियो मालिक और चालक साहिर अंसारी के रूप में हुई है। घायलों में याकूब अंसारी (75) और आफताब अंसारी (35) शामिल हैं। दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान और बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह का कहना है कि दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी गजोडीह निवासी डॉ फारूक अंसारी के पुत्र की शादी में शामिल होने टिकोडीह गांव गये थे। हादसाग्रस्त स्कार्पियो साहिर अंसारी की थी।









# वायुसैनिक योगेश कुमार का पार्थिव शरीर पहुंचा मेरू, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मेरु के एयरफोर्स जवान योगेश कुमार का पार्थिव शरीर शनिवार को घर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। उनके पार्थिव शरीर के दर्शन व श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव शरीर आते ही सभी की आंखे से आंसू की धार रुक नही रही थी। लोगों ने नम आंखों से जवान के शव को अंतिम विदाई दी। इस गमगिन माहौल में जहां एक ओर लोगो के आंख से अश्रु की धार रुक नही रही थी वही लोग भारत माता की जय, योगेश कुमार अमर रहे का नारा लगाते रहे। मेरु श्मशान घाट में सलामी के साथ दाह संस्कार किया गया। पिता ने बेटे की मुखाग्नि दी।

**एयरफोर्स के जवानों ने दी:** सलामीयोगेश का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव मेरु श्मशान घाट में किया गया। उनकी अंतिम विदाई पर एयरफोर्स के जवानों ने सलामी दी। उसके बाद दाह संस्कार किया गया। तोपों की सलामी के लिए पन्नागढ़ से एयरफोर्स के जवान आये थे।





## बुधवार को हुई थी भुज में योगेश की मौत

योगेश 2021 में एयरफोर्स ज्वाइन किया था। वर्तमान में वह भुज में कार्यरत था, जहां उसकी मौत हो गया। उनकी मौत के बारे में बताया गया कि ड्यूटी के दौरान बुधवार रात्री में उसे गोली लग गयी थी और उसी रात में उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## अंतिम दर्शन के लिए उमड़े हजारों लोग

शनिवार सुबह जवान का पार्थिव शरीर हजारीबाग पहुंचा। पार्थिव शरीर को लाने के लिए मेरु और आसपास गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग गये। पार्थिव शरीर के साथ हाथ में लोगों ने तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय, योगेश अमर रहे के नारे के साथ पार्थिव शरीर को घर पहुंचाया।

**कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि:** जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही घर और गांव वालों के चितकार से माहौल शांत हो गया। भीड़ इतनी थी की काबू करना मुश्किल था। कई लोगों ने श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचे उनमें पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, बिनोद कुशवाहा, सदर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, मेरु पंचायत के मुखिया सीमा सिंह, अशोक कुशवाहा, समेत बड़ी संख्या में लोग और एयरफोर्स के पदाधिकारी शामिल थे।

**माता की चीत्कार से लोगो ने भी अपना ढाढस खोया:** अपने छोटे पुत्र की मौत की सूचना पाते ही तीन दिन से उसकी मां पिता व पूरे परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल था। जैसे ही उनके पुत्र का पार्थिव शरीर को घर पंहुचा, मां की चीत्कार व उनकी भाभी चीत्कार से हर एक व्यक्ति अपना ढाढस खो बैठा था।

## 26 को संविधान दिवस मनाने का निर्णय

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में भीम आर्मी कोडरमा की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकाश कुमार और संचालन जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र दास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 26 नवंबर को अंबेडकर चौक झुमरी तिलैया में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान बचाओ सकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार कर राष्ट्रपति को सौंपा था। दुनिया का सबसे बड़ा संविधान देश को देकर पूरे देशवासियों को मूलनिवासियों को अधिकार दिए। हमे अपना अधिकार बचा कर रखना है। भीम आर्मी चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव ने कहा कि 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। बाबा साहेब अम्बेडकर और बहुजन महपुरूषों को याद कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरुरत है। कार्यक्रम में झुमरी तिलैया नगर कमिटी अध्यक्ष मुकेश कुमार, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार, नावाडीह पंचायत अध्यक्ष राजू दास, कुलदीप रविदास, पंकज कुमार दास, राजू कुमार दास, चंदन कुमार दास, बिनोद आदि लोग उपस्थित हुए।

## खीर का भोग लगा कर हुई खरना पूजा



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने दिनभर निर्जला उपवास रख कर शनिवार शाम में भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खीर का भोग लगा कर खरना की। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। छठ पूजा को लेकर घाटों की साफ-सफाई पूर्ण कर ली गयी है। छठ पूजा समितियों ने बताया कि व्रतियों की सुविधा के लिए छठ घाट पहुचने की पथ की साफ सफाई पूरी कर ली गयी है। छठ घाट को रंग-बिरंगे लाइटो से सजाने का कार्य प्रारंभ है। रविवार की संध्या अर्घ्य 5.26 मिनट व प्रातः अर्घ्य 6,46 बजे अर्घ्य अर्पित करेंगे। व्रती रविवार की संध्या 5.26 बजे तालाब व नदियों के निर्मल जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्यदान करेगें। वहीं सोमवार की प्रातः 6. 46 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान कर 36 घंटे का निर्जला उपवास का पारण कर व्रत तोड़ेंगें।

## पलायन की भेंट चढ़ा एक और प्रवासी मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** लगातार पलायन की भेंट चढ़ता जा रहा है झारखंड का प्रवासी मजदूर। प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला जारी है। मृत्यु के बाद सरकार से शव लाने की गुहार लगाई जा रही है। झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड के बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह जिले में एक के बाद एक लगातार हो रही प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड से महाराष्ट्र कमाने गये हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा निवासी गांगो महतो के 37 वर्षीय पुत्र चिंतामन महतो की महाराष्ट्र के चालीसगांव में 220 पोल में काम करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रो रोकर बुरा हाल है। मृतक चिंतामन महतो घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वह अपने पीछे पत्नी सुनिता देवी और बेटी कबीया भारती (17)को अपने पीछे छोड़ गया। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि रोजी-रोटी की तलाश में प्रदेश गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है। झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई मजदूरों की मौत हो चुकी है। सरकार मजदूर हित में कुछ पहल नहीं कर रही है और झारखंड से मजदूरों का पलायन तेजी से हो रहा है। जाने कब पलायन रुकेगी लोगो को रोजगार के साधन अपने गावो में मिलते तो कितना अच्छा होता।

## बड़कागांव प्रखंड के हरली का निवासी पुलिस जवान गिरफ्तार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के हरली गांव निवासी पुलिस के जवान के द्वारा महिला अनीता देवी के साथ मारपीट और छेड़छाड़ करने का वीडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा था। जिसके कारण की क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। जिसको लेकर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज करते हुए कांड संख्या 345/23 दिनांक 13 - 11 - 23 धारा 341, 323, 379, 354, 504, 506 के प्राथमिक रामचंद्र पासवान ऊर्फ चंद्रू उम्र 53 वर्ष पिता गुल्लज पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अस्ताचलगामी सूर्य का अर्घ्य आज



**टाटीझरिया ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में चहुंओर चार दिवसीय छठ महा पर्व लेकर चहल पहल है प्रखंड क्षेत्र के झरपो, खैरा, बेडमक्का, नारायणपुर, भराजो, अमनारी, खंभवा, गोधिया, केसड़ा, होलंग, डहरभंगा, टाटीझरिया, डूमर, धर्मपुर, सहित गांवों के छठ घाट की सफाई और लाइट से सजाया जा रहा है। महा पर्व का द्वितीय दिवस खरना के साथ अस्तगामी भगवान भास्कर को अर्ध आज देंगे उदयगामी ठ को लेकर सूप, डाला केला, नारियल, सेव, संतरा, गाजर, ईख, सुतनी, मटर, आदि की बाजार सजकर तैयार है। भक्त खरीदारी में लगे हुए है झरपो आजाद हिंद संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नारियल सहित फल का वितरण की तैयारी में जुटे हुए हैं। चहुंओर छठ के गीत से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

## आरसी मेहता ने किया इचाक प्रखंड का दौरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रमंडलीय हेल्थ अध्यक्ष सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने हर हर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस के तहत इचाक प्रखंड के रतनपुर, मनाय, बरकाकाला, खुटरा, परासी आदि गांवो का दौरा कर दर्जनों घरों में जाकर लोगों संपर्क किये। समाज सेवी झमन रजक के यहां भोजन किये, तत्पश्चात अनेको लोगों की समस्याएं सुने। डॉ मेहता ने भ्रमण के दौरान कहा की प्रशासन के लापरवाही के कारण इचाक प्रखंड समेत हजारीबाग जिला में अवैध नशा व्यापार, जुवा, अवैध लॉटरी का धंधा जोरों पर है नशा और ड्रग से नौजवान, नबालिक बच्चे दिग्भ्रमित हो रहे हैं। सरकार टीम कथित कर हजारीबाग जिले से ड्रग और नशा से नौजवानों को छुटकारा दिलवे। इचाक बाजार समेत हजारीबाग शहरवासी को घंटो जाम का सामना करना पड़ रहा है। भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुशवाहा, सुरेंद्र मेहता, प्रो बीके मेहता, झंडा मरांडी, राहुल कुमार, रंजीत मेहता, वीरेंद्र पांडे आदि शामिल थे।

## अधिकारियों ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह कृषि पदाधिकारी रवि रंजन सहित बीपीओ हीरो महतो ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। घाटों के निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि तालाब और नदियों पर बनाये गये छठ घाट में उनकी गहराई को माप ले यदि गहराई अधिक हो तो बांस का बैरियर लगाकर उसे चिन्हित कर दें। ताकि कोई भी श्रद्धालु गहरा पानी में ना जा सके। आपातकालीन स्थिति के लिए हवा भरा ट्यूब एवम कुछ तैराक को तत्पर रखें ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो सके। थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से तालाबों के किनारे बने छठ घाट में इन चीजों को ध्यान में रखते हुए जरूर अनुपालन करें। छठ घाटों की साफ-सफाई और छठव्रती को आने-जाने के लिए रास्ता का कार्य श्रद्धालुओं द्वारा पूरी की जा चुकी है। मौके पर प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, बीपीओ हीरो महतो, राजू महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव बरामद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचाच थाना अंतर्गत शिवसागर तालाब से 2 दिन से लापता व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान समीर अंसारी उर्फ नन्हे मियां उम्र 35 वर्ष पिता मो मुस्लिम अंसारी, ग्राम शिवसागर, डोमचांच) के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार वह मानसिक रूप से ठीक नहीं था। गुरुवार को घर से निकला, इसके बाद शनिवार की सुबह शिवसागर तालाब में उसका शव ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। इसकी सूचना डोमचांच पुलिस को देने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## केबीसी में पहुंची हजारीबाग की पहली लड़की

**नाहिद परवीन 2017 से केबीसी देखा करती थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कौन बनेगा करोड़पति में हजारीबाग की चिस्तिया मोहल्ला की रहनेवाली नाहिद परवीन जल्द दिखेंगी। नाहिद हजारीबाग की पहली लड़की हैं जो केबीसी तक पहुंची हैं। नाहिद ने बताया कि वह 2017 से केबीसी का शो देखा करती थी। 2017 में ही उनका चयन केबीसी में हो जाता, लेकिन उनके द्वारा फॉर्म में गलत नंबर भर दिया गया था, जिस कारण वो उस समय वहां नहीं पहुंच पायी थीं। साल 2017 से वह लगातार शो में भाग लेने का प्रयास कर रही थी और साल 2023 के शो में उनका चयन हो गया। नाहिद आगे बताती हैं कि शो में जाना उनके लिए एक सपने के जैसा है। वहां, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से मिलने का मौका मिला। साथ ही चयन से लेकर फिल्म सिटी की यात्रा का खर्च सोनी लाइव के द्वारा ही उठाया गया। साथ में परिवार के लोग भी इस शो की शूटिंग में मुंबई गये थे। हालांकि, नाहिद हॉट सीट तक नहीं पहुंच सकीं। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड में वह बाहर हो गयीं।

आगे बताया कि उनके पिता का निधन साल 2016 में हो गया था, जिस कारण उनकी पढ़ाई पूर्ण रूप से खराब हो गयी थी। इससे पूर्व में उनका बीपीएससी में प्राथमिक परीक्षा में चयन हुआ था। साथ ही उन्हें हाथ कांपने की शिकायत भी शुरू हो गयी थी। जिस कारण अभी केबीसी के फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट में काफी दिक्कत आयी। बताया कि अगर उनका हाथ सही होता तो हॉट सीट तक अवश्य जाती।

निहत बताती हैं कि केबीसी में जाने की दो प्रक्रिया होती है। पहले फॉर्म भरकर जो मार्च अप्रैल के महीने में सोनी लिव के ऐप पर आता है।

उसके बाद टेलिफोनिक इंटरव्यू और केंद्र पर जाकर इंटरव्यू देना होता है। इसके पश्चात आपका चयन होता है। दूसरी प्रक्रिया में कार्यक्रम के प्रसारण के दौरान पूछे गये सवालों के जवाब सोनी लिव के ऐप पर देना होता है। आपके दिये गये सवालों के जवाब के अनुसार आपका मूल्यांकन किया जाता है। उसके बाद टेलिफोनिक इंटरव्यू और केंद्रों पर जाकर इंटरव्यू देना होता है। हर प्रक्रिया में पॉइंट दिए जाते हैं।

## राजेंद्र राणा बने जयनगर थाना प्रभारी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने राजेन्द्र कुमार राणा को जयनगर थाना प्रभारी बनाया है। वहीं जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह को सतगांवा थाना प्रभारी बनाया गया है। थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार राणा ने योगदान के पश्चात बताया कि जयनगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से कार्य कर रहे लोग छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने का काम करें नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था, अपराध और महिला उत्पीड़न चोरी डकैती सहित सभी चीजों पर अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार पासवान, पंचम तिग्गा, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक आशीष हंसदा, जेपी सिंह सहित कई पुलिस जवान मौजूद थे।

## सतगावां में छठ घाटों की हुई सफाई

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शनिवार को आस्था व उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, मुखिया सदानंद यादव, प्रमुख प्रतिनिधि रामअवतार चौधरी, समाजसेवी दीपेश अग्रवाल के द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई की गयी। जिसमें समलडीह, मरचोई, टेहरो, बाद, नावाडीह, शिवपुरी, मीरगंज, कानीकेंद, अम्बाबाद, राजाबर, ईटांय, दोनैया आदि छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया गया। आस्था का महापर्व छठ पूजा का दूसरा दिन लोहंडा खरना पूजा को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। बाजारों में छठ पूजन सामग्री फल फूल नारियल आदि की खरीदारी की जा रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्र से आए लोग छठ पूजा की सामग्री एक दिन पूर्व ही खरीद लेते हैं। छठ पूजा को लेकर बाजारों और गली मोहल्ले को इलेक्ट्रॉनिक लाइट झालर तोरण द्वार आदि से सजाया गया। मौके पर रवि यादव, शैलेंद्र शर्मा, विकास चौधरी, शिवपूजन चौधरी, शैलेंद्र चौधरी, मणिकांत यादव, पिंटू यादव, मिथिलेश शर्मा, राम मिलन, रोहित निल यादव, शैलेंद्र यादव, सिंटू यादव आदि लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लखीबागी में शनिवार की शाम दो कार के बीच टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान इंदरवा निवासी गणेश गुप्ता (उम्र 19 वर्ष, पिता गोपाल साव) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी कार से इंदरवा से तिलैया की तरफ जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे कार की जोरदार टक्कर से वह घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## अंचल के प्रधान सहायक पर रिश्वत लेने का आरोप

**सीओ ने जांच कर कार्रवाई की कही बात**

**अंचल में अधिकारी की मिलीभगत से बढ़ रहा भ्रष्टाचारः सीके पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरकट्ठा।** अंचल कार्यालय में शनिवार को ग्रामीण रैयतों ने अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया। अंचल कर्मियों के प्रति ग्रामीणों की नाराजगी दिखी। ग्रामीणों ने कहा कि यहां कर्मचारी, नाजिर, किरानी से लेकर अधिकारी सभी की मिलीभगत से भ्रष्टाचार बढ़ रही है। अंचल कार्यालय दलालों और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। दाखिल खारिज, भूमि विवाद, राशिद कटाने, खतियान ऑनलाइन चढ़ाने अन्यादि कार्य के लिए लोग वर्षों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। बेलकपी गांव से पहुंचे कृष्णदेव पांडेय ने अंचल प्रधान सहायक उमेश राणा पर पैसे लेने का गम्भीर आरोप लगाया है। कहा कि मौजा बनवारी के खाता संख्या 14 प्लाट संख्या 1042 रकवा 3 एकड़ खातियानी जमीन है। जिस पर शिलाडीह गांव के मुखिया ने बेवजह विवाद किया है। इस समस्या के निराकरण के लिए अंचल कार्यालय में केस न0 30/23 के तहत आपत्ति दर्ज किया गया। केस का निवारण के लिए प्रधान सहायक राणा ने चार हजार राशि की मांग की। नहीं दिये जाने पर कागज धूल खाने की चेतावनी दी। तंग आकर किसी तरह 15 सौ रुपये की व्यवस्था कर प्रधान सहायक को दिया। लेकिन आज तक कोई कार्य नही हुआ। मामले को लेकर रैयत पांडेय ने एक लिखित शिकायत प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष से की। वहीं छोटी महतो ने आरोप लगाया कि हमारे खातियानी जमीन रकवा 5 एकड़ 34 डिसमिल को छेड़छाड़ करते हुए उक्त भूमि को दूसरे के नाम फर्जी तरीके से कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष, समाजसेवी चंद्रकांत पांडेय समेत बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी ने कहा कि अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और अभिलेख की जांच कर उचित कार्रवाई के लिए उपायुक्त से मांग की जायेगी। वहीं प्रधान सहायक उमेश राणा को अविलंब हटाने की मांग की है। मांग पूरा नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गयी। आरोप पर सीओ से पूछे जाने पर बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी। प्रधान सहायक ने कहा कि मुझ पर लगे आरोप बेबुनियाद है। मौके पर अर्जुन राणा, सुरेश पांडेय, मेघलाल पासवान, मिथिलेश पांडेय, रामजी पांडेय, अजित कुमार पांडेय, शेषनाथ सिंह, रमेश पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

## ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन समारोह



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** महिला मारवाड़ी ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन समारोह शिव वाटिका में संपन्न हुआ। मंच का संचालन सीमा सहल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रियांशी शर्मा द्वारा गणेश वंदना से की गयी। बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित किया गया। दीपावली मिलन समारोह में सभी महिलाओं ने राजस्थानी परिवेश में रंगारंग कार्यक्रम और मारवाड़ी गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी महिलाओं ने पिलो गेम खेला जिसमें प्रथम पुरस्कार मंजू देवी, द्वितीय पुरस्कार संगीता शर्मा, तृतीय पुरस्कार कृष्ण जोशी को दिया गया। सीमा सहल ने बताया कि माहरो महिला मारवाड़ी ब्राह्मण समाज दीपावली मिलन का कार्यक्रम पहली बार शुरूआत की गयी है। आगे भी अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम किये जायेंगे। समाज गठन मे सीमा सहल, पायल जोशी, पूनम सहल, उषा शर्मा, रश्मि सहल, संगीता शर्मा, अनुज शर्मा, मूली शर्मा, सुजाता जोशी, सुधा शर्मा, अनु जोशी, संगीता शर्मा, मधु शर्मा फाउंडर मेंबर बनाये गये। मेंबर के रूप में बबीता जोशी, शालिनी दाहिमा, सावित्री देवी को बनाया गया। धन्यवाद ज्ञापन पायल जोशी ने किया। दीपावली मिलन समारोह में मणि शर्मा, रुक्मणी जोशी, पुजा शर्मा, अंशिका सहल, मोनी शर्मा, चन्दा शर्मा, रिया शर्मा, नंदिनी शर्मा, तनीषा शर्मा, शिवानी जोशी, जागृति सहल, समृद्धि सुरेलिया आदि उपस्थित हुए।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
05




# श्री गुरु नानक देव के जन्मोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर पहले दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के पहले दिन बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला -पुरुष शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे। कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। इस दौरान प्रभात फेरी में साथ संगत गुरुवाणी पेश करते चल रहे थे। जिसमें ₹गुरु नानक की वडियाई सिमर, नानक घर के गोले है तन मन वसया सोई, सुख तेरा दित्ता लाए आदि शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

**सरदार महिपाल सिंह छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया:** प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला होते हुए होटल वेव्स के समीप स्व ज्ञान सिंह छाबड़ा के घर पहुंची। जहां छाबड़ा परिवार की ओर से साध संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर सरदार पपिंदर सिंह खंबे ने सरदार महिपाल सिंह छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया।

**प्रभात फेरी में ये थे शामिल:** प्रभातफेरी में गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, जितेंद्र सिंह पवार, कुलजीत सिंह कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, गुरप्रीत सिंह, कुलवंत मारवाह, जगजीत सिंह, पलविंदर सिंह बल, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, राजू चंडोक, राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर बलविंदर कौर सहित सिख समाज के कई लोग शामिल थे।


## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।





# मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने की छठ घाटों की सफाई

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडूडीह के मुखिया बैजनाथ राम के नेतृत्व में शनिवार को ग्रामीणों ने छट घाट की साफ सफाई की। इस दौरान ग्रामीणों ने छट घाट आने वाले मार्गो व घाटों की सफाई किया। वहीं तालाब के गड्ढों को मिट्टी मोरम भरकर समतल किया। इधर पर्व के लेकर पूजा समिति के द्वारा छठ घाटों को विद्युत सुसज्जा व तोरण द्वार बनाया जा रहा है। शनिवार की संध्या छठ व्रतियों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर खरना किया। वहीं छठवर्ती रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। साफ सफाई अभियान में मुख्य रूप से मुखिया बैजनाथ राम, मानेश्वर साव, नवरत्न कुमार, मंडल उर्फ ननकु, प्रदीप कुमार, भीम कुमार, संतोष राम, अमित मुसहर, भीम कुमार, दीपक कुमार, पन्नालाल साव समेत कई लोग मौजूद थे।

# बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**कुज्जू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के बुढ़ाखाप चौक फोरलेन से अशोक सिनेमा हॉल जाने वाली सड़क पैंकी के पास से बिजली प्रवाहित तार की चपेट की आने से एक युवक की मौत हो गयी। वही, शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने कुज्जू पुलिस को अधजला युवक का शव होने की सूचना दी। जहां कुज्जू ओपी के सअनि प्रभास गोस्वामी सदल बल पहुंचकर अधजला शव सहित कई साम्रगी को कब्जे में कर ओपी ले आयी है। साथ ही, शव का अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, शव का शिनाख्त ललिताडाही सुगिया करमा निवासी 19 वर्षीय पिंटू कुमार मुंडा पिता चमन मुंडा के रूप मे परिजनों ने कुज्जू ओपी पहुंचकर की। समाचार लिखे जाने तक युवक का शव किस कारण से जला है, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी थी।


## पूर्व मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती हैं।

जेम (GeM) बोली संख्या : GEM/2023/B/4217933, दिनांक: 16.11.2023, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के गोमो एवं हजारीबाग स्टेशनों पर विद्युत लोकोमोटिव में आर डी एस ओ विनिर्देश सं. – ("850/425 (ग्रेड C') के IS 1987–2002 के टेबल क्लॉज़ 11.3) के अनुसार 02 वर्षो के लिए बालू की आपूर्ति और भरने हेतु। 2. कार्य के लिए प्राक्कलि राशि : 86,29,543/–, 3. अग्रधन राशि : 1,72,600/–, 4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा का बंद होना : 07.12.2023 को 17.00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 07.12.2023 को 17.30। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : विशेष : https://gem.gov.in जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.) /
पूमरे/धनबाद

पीआर/01699/डीएचएन/ईजीईएन/टी/23–24/36



## झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, पलामू
पुराना डी.आर.डी.ए. भवन, कचहरी परिसर, मेदिनीनगर, पलामू

**निविदा संख्या- JSLPS/PAL/513** **दिनांक -14.11.2023**

जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जे.एस.एल.पी.एस.पलामू द्वारा ई. निविदा प्रक्रिया के तहत स्वयं सहायता समूह सदस्यों हेतु पहचान पत्र की छपाई एवं आपूर्ति हेतु निम्न वर्णित विवरणी के अनुरूप निविदा आमंत्रित की जाती है.

| | |
|---|---|
| Bid Reference No. | JSLPS /PAL/ 513 dated: 14/11/2023 |
| Date of commencement of downloading of bid document | 11:00 hours onwards of 16/11 /2023 |
| Bid submission start date | 16:00 hours of 16/11/2023 |
| Last date for downloading of bid document from the E - procurement platform http://jharkhandtender.gov.in | Up to 12:00 hours of 23/11/2023 |
| Last date and time for submission of bid. | Up to 14:00 hours of 23/11/2023 |
| **Time and date of online opening of Technical Bid** | 14:30 hours of 23/11/2023 |

पत्रांक : 520, दिनांक :17.11.2023

**जिला कार्यक्रम प्रबंधक,**
**जे.एस.एल.पी.एस., पलामू**



# महाप्रबंधक ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक सुबोध कुमार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान रांची में आयोजित सीसीएल बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। महाप्रबंधक ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ सुभकामनाये संदेश दिया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन खिलाड़ियों के प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने भविष्य में खेल के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर आलोक सिंह, निखिल कुमार, संबित कुमार, सुरेश विश्वकर्मा, संजय शर्मा, विक्की कुमार, मंजू,निधी सहित केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रम मंत्री खोटा भुइयां के परिजनों से मिले

**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता ने आज सदर प्रखंड के सीमा पंचायत के ग्राम हफूआ में मृतक खैटा भुइयाँ के परिजनों से मुलाकात की एवं अपने निजी खर्च से आर्थिक सहयोग किया। साथ ही श्रम विभाग के द्वारा परिजन को मिलने वाले सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि खैटा भुइयाँ का निधन हैदराबाद में काम करने के दौरान हो गया था। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिला- पुरूष मौजूद थे।





किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य हेतु राज्य सरकार कृतसंकल्पित

## विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम
अंतर्गत झारखण्ड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान

**10–19 वर्ष उम्र के किशोर–किशोरियों की प्रारंभिक स्वास्थ्य जाँच बीमारियों की पहचान तथा तुरन्त ईलाज की सुविधा**

### योजना के लाभुक
सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय के कक्षा 6–12 तक पढ़ने वाले किशोर किशोरी

### स्वास्थ्य सुविधाएं
प्रथम चरण:– स्वास्थ्य आरोग्य दूत (नोडल शिक्षक) द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच स्कूल स्तर पर किशोर–किशोरियों की प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच।

द्वितीय चरण:– चिन्हित बीमार किशोर–किशोरियों को बेहतर ईलाज हेतु राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार।

तृतीय चरण:– आवश्यकता अनुसार किशोर–किशोरियों को जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाना।

P.R. 311419 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

### किन बीमारियों की जाँच की जाती है?
- एनीमिया, विटामिन–ए की कमी, चर्म रोग, बहरापन, अंधापन, दंत रोग, मानसिक रोग इत्यादि की जाँच।
- जाँच के बाद विभाग द्वारा चलाए जा रहे टेलीमेडिसिन, ई–संजीवनी तथा टेली मानस के माध्यम से समय पर जाँच हेतु फॉलो–अप की सुविधा।

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
06

## खरना प्रसाद भगवान सूर्य को किया अर्पित पहला अर्घ्य आज

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके झुके,केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके झुके,ए करेलु छठ बरतिया से झांके झुके,ए करेलु छठ बरतिया से झांके झके व धोवल धावल मील में गेहूं पीसवाईब सईंया जी, हमरा ला पीयरी अपना ला कुरता ले आईब सईंया जी, मारबऊ रे सुगवा धनुष से सुगवा गिरे मुरछई, जल्दी - जल्दी अरग देवाईं, केलवा के पात पर उगेलन सूरजदेव। आदि कई गीतों से गूंज रहा बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र। छठी मईया के पूजन के बाद व्रतियों और उनके परिजनों की ओर से खरना के प्रसाद वितरण का। लोक आस्था का पर्व छठ को लेकर खीर भोजन पूरे प्रखण्ड मुख्यालय समेत चपरी , छेचा, लंका, पुरानी बस्ती आदर्श नगर, सरईडीह, केचकी, केड, छिपादोहर समेत सभी पंचायतों में उल्लास का माहौल रहा। छठव्रती लगभग तीन बजे से, नदी, तालाब समेत अन्य जलाशय में पहुंच स्नान कर जल घर ले आए।

# सज गयीं छठ पूजा सामग्री की दुकानें, खरीदारी को उमड़े लोग

आजाद सिपाही संवददाता

**लोहरदगा।** छठ बाजार को लेकर स्थानीय दुकान व बाजार सजकर तैयार हो गए है। लोग अपनी दुकानो को दुल्हन की तरह सजा रखे है। सूप दौरा, फल व कपड़ा दुकान में छठ की खरीददारी की जा रही है। स्थानीय छठ बाजार में सूप दौरा समेत अन्य पूजा के उपयोग में आने वाले सामानो के दाम आसमान छू रहे है। सामानो की बढ़ती कीमत के बावजूद छठ की खरीददारी का उत्साह देखते बन रहा है।छठ महापर्व को लेकर शहर के अपर बाजार में में ग्राहकों की सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। वहीं पावरगंज चैक, सोमवार बाजार, गुदरी बाजार, रघुनन्दन लेन, मैना बगीचा, पतराटोली बाजार एवं न्यू रोड़ के अजय उद्यान क्षेत्र गुलजार नजर आया। हर वर्ग के ग्राहकों की पसंद अपने जरूरत एवं मन मुताबिक बाजार से सूप-दौरा समेत अन्य पूजन सामग्रियों की खरीददारी कर रहे हैं। छठ को लेकर पूरा बाजार गुलजार है। शहर के सोमवार बाजार में भी सूप-दौरा की दुकानें लगी हुई थी। इसके अलावा शहर के मैना बगीचा, ईस्ट गोला रोड व गुदरी बाजार समेत अन्य कई स्थानों में भी सूप-दौरा की दुकान सजी हुई थी। लोहरदगा में इस बार छठ पूजा के सामानों की दाम में उछाल आया है।



**घाटों को अंतिम रूप देने में जुटा नप प्रशासन :** छठ पर्व को लेकर छट घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. घाटों व तालाबों की सफाई के साथ पंडाल, रोशनी, साउंड आदि की व्यवस्था की गयी है. जिस तालाब में पानी अधिक है उस तालाब से जल निकासी का कार्य किया गया. प्रत्येक घाट पर ब्लीचिंग का छिड़काव किया जा रहा है।

**रोशनी की रहेगी व्यवस्था :** शहर के सभी छठ घाटों पर नप प्रशासन ने साफ सफाई के साथ रोशनी का विशेष प्रबंध किया है. सभी घाटों पर जेनरेटर के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जायेगी। एलईडी बल्ब, ट्यूब लाईट, झालड़ से घाटों को सजाया जा रहा है। चार दिनी इस पर्व में प्रशासन द्वारा पुलिस बल को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। यहां सादे लिवास में भी पुलिस निगरानी करेगी. साथ ही महत्वपूर्ण घाटों पर चिकित्सीय व्यवस्था रहेगी।

**समिति का रहेगा सहयोग :** शहर के कई घाटों में विभिन्न समितियों द्वारा हर वर्ष सहयोग किया जाता है। साफ- सफाई के अलावे अर्घ के लिए गाय का दूध, धूप आदि की व्यवस्था की जाती है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि लाईट, साउंड, पंडाल के साथ दूध व धूप की व्यवस्था की जाएगी। तालाब की साफ सफाई में भी समिति सहयोग करती है।

## बच्चों पर से उठा माता-पिता का साया, लगायी मदद की गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू ।** प्रखंड के बालूभाँग पंचायत अंतर्गत हेरानहोपा गांव में माता पिता के मौत के बाद बच्चे अनाथ हो गए हैं। प्रशासन व बिभाग से मदद की गुहार लगाई है। बालूभाँग पंचायत के उप मुखिया विनोद कुमार यादव ने बताया की हेरनहोपा निवासी दलित परिवार नन्दकिशोर राम की दिसम्बर 2016 में मौत हो गई तब से पत्नी सकुनवा देवी अपने पुत्र नीरज कुमार, पूजा कुमारी व नितेश कुमार वर्षीय को मेहनत मजदूरी कर पालन पोषण कर रही थी। पीछले एक वर्ष से बच्चों की मॉ बीमार चल रही थी और आर्थिक तंगी के कारण बाहर इलाज नहीं करा सकी। बीमारी से जूझ रहे सकुनवा देवी की अचनाक 16 नवम्बर को मौत हो गई, अब दोनों माता पिता के गुजर जाने के बाद तीनो बच्चों को क्रिया क्रम करना भी मुश्किल हो गया है। साथ ही गरीबी का दंश झेल रहे इन तीनो पुत्र पुत्री को जीविका चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इन अनाथ बच्चों को शिक्षा के लिए किसी आश्रयदाता के सहयोग की आवश्यकता है। पीड़ित बच्चों ने प्रशासन, प्रतिनिधि एंव सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## इस बार छठ पूजा पर बन रहे हैं पांच अद्भुत संयोग, कई गुना फायदेमंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। जबकि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को प्रातः काल में उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। ज्योतिर्विद रामाधार पाठक की मानें तो छठ पूजा पर दुर्लभ वृद्धि योग समेत कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं। इन योग में व्रत करने से कई गुना लाभ प्राप्त होता है। हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक छठ पूजा मनाई जाती है। इसकी शुरूआत नहाय खाय से होती है। इसके अगले दिन खरना मनाया जाता है। वहीं, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। जबकि, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को प्रातः काल में उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है।

ज्योतिष के अनुसार छठ पूजा के दिन वृद्धि और ध्रुव योग का निर्माण हो रहा है। वृद्धि योग का निर्माण देर रात 11 बजकर 28 मिनट तक है। इसके बाद ध्रुव योग का शुभ योग बन रहा है। व्रती वृद्धि योग में सूर्य देव को जल का अर्घ्य देंगी। इस योग में सूर्य देव की उपासना करने से सुख और समृद्धि में अपार वृद्धि होगी। छठ पूजा के दिन तैतिल और गर करण का निर्माण हो रहा है। सर्वप्रथम तैतिल करण का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण प्रातः काल 07 बजकर 23 मिनट तक है। इसके बाद गर करण का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष दोनों योग को शुभ मानते हैं। इन योग में शुभ कार्य कर सकते हैं। छठ पूजा पर भद्रावास योग का भी निर्माण हो रहा है। शास्त्रों में निहित है कि जब भद्रा पाताल में रहती हैं, तो समस्त जगत का कल्याण होता है।

## व्रतियों ने गुड़ से बनी खीर को प्रसाद के रूप में किया ग्रहण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर शनिवार की देर शाम सूर्यास्त के बाद परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना करते हुए छठ व्रतियों ने खरना अनुष्ठान संपन्न किया। चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने नेम-धर्म के साथ खरना का प्रसाद बनाया। स्नान-ध्यान के बाद शुद्ध जल से आम के लकड़ी पर अरवा चावल व गुड़ का खीर बनाया। सूर्यास्त के बाद व्रती इस प्रसाद को बना कर पूजा के बाद पहले व्रती खरना का प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य व्रतियों के पैर छूने के बाद इस प्रसाद को माथे से लगा कर ग्रहण करते हैं। तत्पश्चात श्रद्धालु इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं। तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी तथा अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने साथ इस महापर्व का पारण करते हैं।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया व्रतियों के बीच फलाहार का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक के समीप जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने शनिवार को छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री वितरण किया।साथ ही उन्होंने फलाहार से भरे दर्जनों वाहन को ग्रामीण क्षेत्र में छठ व्रतियों के बीच वितरण के लिए रवाना किया। स्टॉल लगाकर पूजन सामग्री का वितरण उन्होंने सहयोगियों के साथ करते हुए कहा कि छठ महापर्व में जिसे जितना भी सहयोग बने उतना करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि गरीब इलाकों में भी जो अत्यंत गरीब हैं व छठ महापर्व करने में सक्षम नहीं है, वैसे व्रतियों को भी छठ पूजा सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान भाष्कर के असीम कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करता हुं। मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, जाकिर अली, संजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह, निर्मल यादव, राजेश सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, अनुज सिंह, प्रदीप सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## शिशुओं की रक्षा करती है षष्ठी देवी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** षष्ठी देवी (छठी माता) शक्ति है जो समस्त संसार के छोटे बालकों व शिशुओं की रक्षा करती है। इस महापर्व में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठ व्रत करने की परंपरा ऋग्वैदिक काल से ही चली आ रही है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम ने राज्याभिषेक के बाद सीता जी के साथ यह व्रत किया था। दंपति ने अज्ञातवास के दौरान राजपाट की पुनः प्राप्ति की कामना से संकल्प से यह व्रत किया था। षष्ठी माता एवं सूर्यदेव की कृपा से घर में समस्त वैभव एवं सुख शांति की प्राप्ति होती है। भगवान सूर्य परमात्मा के प्रत्यक्ष स्वरूप हैं। ये आरोग्य के अधिष्ठात्री देवता हैं। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है जो श्रद्धापूर्वक व्रत उपासना करते हैं। उन्हें किसी भी जन्म में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। खासकर शरीर, मन तथा आत्मा की शुद्धि हो जाती है ।

## छठ पूजा में मिट जाता है सामाजिक भेदभाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व भगवान भूवन भास्कर के छठ मैया के पूजन हेतु झारखंड, बिहार ,उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दूसरे मुल्कों में भी चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को पूरी निष्ठा, श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ जात-पात ,अमीरी गरीबी, धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर बच्चे, युवा ,वृद्ध स्त्री पुरुष सभी लोग सामूहिकता के साथ मानते हैं । इस त्यौहार में जहां सनातन धर्मावलंबी यों जितनी पवित्रता के साथ पूजन करते हैं, वही मुस्लिम धर्म संप्रदाय व मसीही समाज के लोग भी इसमें जुड़ जाते हैं। तभी तो शहर के अन्य क्षेत्रों व गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर क्षेत्र मे सूप, दौरा, दौरी, पंखा बिक्री करने वाली शमीमा खातून, रोशन आरा, शाहीन, गुड्ड, धनरू, रहमत आदि कहते हैं कि हम लोग वह हमारे दादा परदादा इसी स्थान में पूरी श्रद्धा व पवित्रता के साथ उचित मूल्य में बिक्री करते हैं।

## मनिका में भाजपाइयों ने छठ घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

डिम्पल राजा

**मनिक/ लातेहार (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड के नामुदाग पंचायत के सधवाडीह समेत विभिन्न छठ घाटों में स्वच्छता अभियान दिन शनिवार को जिला अध्यक्ष सह पूर्व भाजपा विधायक के नेतृत्व में साफ सफाई की गई। भाजपा के लोगों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे घाट को साफ सफाई किया गया। इस छठ महापर्व मनिका के कई छठ घाट समेत अन्य घाटों का साफ सफाई कराई जा रही है। छठ घाट पर गंदा पानी का जमाव है उसे साफ किया जा रहा है। वही जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह पूरे प्रखंड वासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा मंदिर की घंटी आरती की थाली नदी के किनारे सूरज की लाली जिंदगी में आए खुशियों की बहार आपका मुबारक हो छठ त्यौहार सूर्य देव की सुनहरी रोशनी से आपका जीवन प्रकाश से भरे छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं । मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, पूर्व प्रमुख उमेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी पंकज यादव,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, ओबीसी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी विकास साहू, रोशन साहू, राजपाल सिंह, मुनेश्वर सिंह, विरान सिंह, जगत सिंह, संजय सिंह, हीरा सिंह, जागा सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।



## खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद निर्जला व्रत शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ ।** आज छठ पूजा का दूसरा दिन खरना है. व्रती पूरा दिन व्रत रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे और फिर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। खरना के बाद से ही छठ का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है. इसलिए इस व्रत को बहुत कठिन माना गया है. फिर अगले दिन यानी कि सप्तमी तिथि को छठ व्रत का पारण किया जाता है।

खरना के दिन बने भोजन और प्रसाद में शुद्धता का ख्याल रखना बहुत अहम होता है। खरना के दिन सुबह स्नान करके सूर्य को जल चढ़ाया जाता है। इसके बाद व्रती पूरे दिन निर्जला रहकर व्रत करते है। शाम को भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। इसमें गुड़ से बनी खीर और रोटी का भोग लगाया जाता है। फिर यही प्रसाद व्रती ग्रहण करती है। इसके बाद से 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ होता है। खरना कार्तिक शुक्ल पंचमी को होता है। इसी दिन खरना के भोजन के साथ-साथ छठ का प्रसाद भी बनाया जाता है।



## छठ पूजा के गीतों की मची है धूम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही) ।** कार्तिक मास की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले छठपूजा में गीतों का बड़ा महत्व रहता है। इस अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत में सामाजिक समरसता और जन कल्याण की भावना बनी रहती है। करा उपकार ऐ सूरजदेव निर्धनिया निरबंसिया पर। इन लोक त्योहारों पर गाए जाने वाले गीतों में समदर्शिता के प्रतीक सूर्यदेव के क्रियाकलाप और अनुनय विनय की बातें होती हैं, जो अपनी रोशनी फैलाने में भेदभाव नहीं रखते, गरीब अमीर सब बराबर हैं। कमी और भूलचूक के लिए क्षमा प्रार्थना भी की जाती है। सोने क नइया ए मलहा नइया तीरे ले आवा जैसे गीतों में सभी जाति के सामंजस्य और सहयोग का बखान करता है।

## कम दाम पर व्रतधारियों के लिए दूध का वितरण

विनय कुमार

**हेरहंज (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम इंटरप्राइजेज के परिसर में लागत मूल्य से कम दाम पर छठ व्रत धारियों के लिए सुधा दूध का वितरण किया गया। समिति के सदस्य रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की क्षेत्र में दूध की कमी को देखते हुए बीते 12 वर्षो से व्रत धारियों को लिए खीर भोजन को लेकर सुधा दूध उपलब्ध कराया जाता है। और इस बार भी पूजा समिति के सदस्यों द्वारा यह सेवा उपलब्ध कराई गई है। सुधा दूध वितरण करने में देवनंदन प्रसाद, श्रीधर कांत जायसवाल, राजेश साहु,पीयूष कुमार शामिल थे। समिति के लगातार किये जा रहे इस कार्य को सभी ने सराहना की है और कहा की दूध की समस्या के लिए लोगो को परेशानी नही उठानी पड़ी। उधर थाना परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास एंव थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने भी छठ व्रत धारियों को निः शुल्क रूप से दो सौ पच्चास लीटर दूध का वितरण किया।



## ‘हमारा संकल्प विकसित भारत’ कार्यक्रम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग,भारत सरकार, करमा जिम्पा भूटिया की अध्यक्षता में ₹हमारा संकल्प विकसित भारत₹ कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव ने कहा की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारम्भ 23 नवंबर को प्रस्तावित है। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम शुरू की जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि जिला अंतर्गत प्रखंड, पंचायतों में आईईसी वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए। आईईसी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करते हुए वंचितों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने अनेक स्तर पर प्रयास किए हैं। केंद्र सरकार की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति को लाभ प्रदान कर जागरूक करना है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा इसे गंभीरता से ले सभी अधिकारी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके लिये यह एक अवसर है, जिसके माध्यम से केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ छूटे एवं पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाना है। उन्होंने आमजनों को इस योजना के माध्यम से जागरूक करने, छूटे हुए सुयोग्य लाभार्थियों का चयन करते हुए लाभान्वित करने का निर्देश दिया ।

बैठक में उपायुक्त हिमांशु मोहन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त अलोक शिकारी कच्छप व जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।




## दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा ।** दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल ने शनिवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय चट्टी,10 प्लस टू विद्यालय चट्टी,10 प्लस टू बिटपी व मध्य विद्यालय भैसमुंदो के बूथों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने पोलिग स्टेशनों की रेशनेलाइजेशन के दौरान प्रस्तावित विभिन्न पोलिग बूथों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। आयुक्त ने पोलिग बूथों में पानी, बाथरूम, रैंप, बिजली आदि की चैकिग के दौरान अधिकारियों को जरूरी हिदायतें भी दीं। उन्होंने प्रखंड के समूह रिटर्निंग अफसरों, सुपरवाइजरों और बीएलओ को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से दी जाने वाली न्युनतम तय सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित बनाई जाएं, जिससे वोटरों को किसी किस्म की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। दिव्यांग वोटरों के लिए रैंप और व्हीलचेयर आदि बूथों पर उपलब्ध रहे, जिससे ऐसे वोटरों को अपेक्षित सुविधा दी जा सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीईईओ जयनाथ महतो, थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे ।



## छठ व्रतियों ने जल स्रोतों में स्नान कर किया खरना

# आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे व्रती





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में शनिवार को लोक आस्था के चार दिवसीय अनुष्ठान छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना का प्रसाद खाने के साथ ही छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। व्रती अस्ताचलगामी अर्घ्य देंगी। रविवार को अर्घ्य के लिए ठेकुआ का प्रसाद तैयार किया जायेगा। फिर उसे कलसूप में फल-फूल और पूजन सामग्रियों के साथ सजाया जायेगा। रविवार को डूबते सूर्य व सोमवार को उगते सूर्य को अध्यं के साथ महापर्व संपन्न हो जायेगा। छठ पूजा का व्रत में खरना के दिन पूरे दिन व्रत रखा जाता है। इसमें 36 घंटे के व्रत के दौरान न कुछ खाया जाता है और न ही जल ग्रहण किया जाता है। शाम को छठव्रती के घरों में गुड़, अरवा चावल व दूध से मिश्रित रसिया बनाए जाते हैं। रसिया को केले के पत्ते में मिट्टी के ढकनी में रखकर मां षष्ठी को भोग लगाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि मां षष्ठी एकांत व शांत रहने पर ही भोग ग्रहण करती हैं। खरना' के साथ ही पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सूर्यभक्ति से सराबोर व्रतियों ने सूर्यास्त के बाद प्रसाद बनाकर खरना किया। खरना के बाद आसपास के लोग भी व्रतियों के घर पहुंचे और मांगकर प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि इस प्रसाद के लिए जान पहचान के लोगों की भीड़ उमड पड़ती है।

### पूजा आयोजन समितियों ने छठ घाटों को सजाया

पूजा आयोजन समीशन द्वारा छठ घाट को पूरी तरह दुल्हन की तरह सजाया गया है। दनारो नदी छठ घाट पर स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, टी ग्रुप, जागृति क्लब, भास्कर क्लव, सूर्या क्लब, छठ पूजा सेवा समिति, कल्याणपुर छठ घाट, सरस्वती नदी के तट पर स्थित घाट सहित कई पूजा समितियों ने घाट को पूरी दुल्हन की तरह सजाया है। शहर के बाजारों में दिनभर रहे खरीदारी की चहल-पहल छठ को लेकर शनिवार के बाजार में पूरे दिन रौनक दिखी। लोग पूजा सामग्री के साथ में अन्य सामग्रियों के भी खरीदारी करते देखे गए। छठ महापर्व को लेकर शहर के चौक चौराहों पर पूजा सामग्री सहित अन्य सामग्रियों का भी दकान लगाया गया है।



## खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू



**केतार (आजाद सिपाही)।** सुर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार की शाम छठ व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया।छठ व्रतियों ने मुकुन्दपुर के सुप्रसिद्ध नारायण वन, अमराहीदह छठ घाट, बुढ़ी खाड़ छठ घाट,और बत्तों कला छठ घाट पर स्नान कर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पश्चात घर लौटकर पीतल के बर्तन और आम की लकड़ी पर पवित्रता का ख्याल रखते हुए गुड़ का खीर, पुड़ी प्रसाद बनाकर ग्रहण किया। आसपास के लोगों को भी छठ व्रतियों के घर खरना का प्रसाद खाते देखा गया। बुधवार की शाम छठ व्रती पूरी तैयारी के साथ बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप तैयार कर सपरिवार छठ का गीत गाते हुए नारायण वन छठ घाट पहुंचेंगे, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रती पूरी रात नारायण छठ घाट पर रहकर 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा करती है। चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन सोमवार को उदयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ होगा। नारायण वन छठ घाट पर मंदिर विकास समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

## मंत्री ने सभी छठ घाट का किया निरीक्षण

# जल्द होगा दानरो नदी तट पर मरीन ड्राइव का निर्माण : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सह पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, यूनिवर्सल क्लब, जय देवी संघ टी ग्रुप, सूर्य क्लब, छठ पूजा सेवा समिति, जागृति क्लब, सूर्य क्लब सहित कल्याणपुर छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति के पदाधिकारी से तैयारी का जायजा लिया। साथ ही छठ वर्ती को बैठने उनके नहाने की व्यवस्था से संबंधित किए गए तैयारी का समीक्षा भी किया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को छठ घाट जाने वाले सभी रास्ते को सही ढंग से साफ सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में गढ़वा उपयुक्त, पुलिस अधीक्षक, एसडीओ के द्वारा सभी छठ घाटों का तैयारी का जायजा लिया गया है। सभी छठ पूजा समिति के द्वारा भी काफी मेहनत कर छठ घाट को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वर्ती को किसी तरह की परेशानी नहीं हो उसके लिए नदी को साफ सुथरा रखने की दिशा में जल्द ही कार्य किया जायेगा।

उन्होंने सभी अधिकारी को छठ घाटों पर बेहतर सुविधा बेहतर सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करने का निर्देश दिया।

### छठ पूजा समिति के पदाधिकारी से तैयारी का लिया जायजा



### मरीन ड्राइव के निर्माण पर करोड़ों खर्च होंगे

पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने निरीक्षण के दौरान सभी छठ घाट समिति के अध्यक्षों को यह अस्वस्थ कराया है। की बहुत जल्द गढ़वा में एक अरब 40 करोड़ की लागत से मरीन ड्राइव का निर्माण कराया जायेगा। इसके बाद छठ वर्ती को कभी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। और नदी का जलस्तर साफ सुथरा रहेगा। उन्होंने कहा कि मरीन ड्राइव का शिलान्यास जनवरी माह तक कर दिया जायेगा।

## छठ पूजन को लेकर वातावरण भक्तिमय हो गया है



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पूरे क्षेत्र में छठ पूजन को लेकर वातावरण भक्तिमय हो गया है। मुख्यालय स्थित बाजार में छठ पूजन सामग्री की सैकड़ो दुकानें सज गयी है। जहां पर खरीददारी करने के लिए हजारों लोगों की भीड़ देखी जा रही है। इस वर्ष बाजार में पूजन सामग्री पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी महंगाई देखी जा रही है। दूध सेंटर पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। सोनपुरवा स्थित दूध सेंटर पर अहले सुबह से हीं दूध खरीदने वालों की भीड़ देखा गया। सेंटर के संचालक सुरेन्द्र यादव ने बताया कि इस वर्ष गाय व भैंस का दूध 50 रुपये प्रति किलो के दर से विक्री हो रहा है। फलों में सेव 100 से 150, केला 60, संतरा 80, अनार 140, नारियल 20 से 25, गुड़ बाहरी 45 से 50, देशी गुड़ 80 से 100 रुपये प्रति किलो का रेट रहा। वहीं सुप 130 से 150 पीस, दउरा 240 से 260 रुपये पीस, बेना 25 से 30 रुपये प्रति पीस रहा। आज पहला अर्घ को लेकर छठ घाट पर कम भीड़ देखी गयी। भीड़ कल अधिक होगी।

## व्रतियों के बीच छठ पूजा सामग्री का वितरण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्याल जाने के क्रम मे स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप सर्वोदय विकास संघ सगमा के द्वारा छठ व्रतीयो के बीच फल और छठ पूजा सामाग्री का वितरण किया गाया। छठ व्रतीयो के बीच नारियल, सेव, अगरबती, पंचमेवा, आदि पुजन सामाग्री का वितरण किया गया। सर्वोदय विकास संघ के लोगों ने बताया की लोक आस्था के महापर्व पर पूजन सामग्री वितरण हम सभी सर्वोदय विकास संघ की लोगो को सुकुन मिलता हैं। क्षेत्र मे सुख समृद्धि आये यही हम सभी का कामना है। सर्वोदय विकास संघ के द्वारा ब्लॉक मोड़ के सामने पास स्टॉल लगाकर नारियल, सेव, अगरबती, पंचमेवा, आदि पुजन सामाग्री का वितरण किया गया। और सर्वोदय विकास संघ के लोगो ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व के अवसर पर छठ व्रतीयो के बीच पुजन सामग्री वितरण किया गाय। और संघ के सदस्यों ने कहा कि यह ऐसा पर्व है, जिसमे लोग बढ़-चढ़ कर सहयोग देते है। कामना करते है की क्षेत्र का अमन चैन रहे और सुख समृद्धि मिले। मान्यता के अनुसार लोग भिक्षाटन कर पर करते है। सर्वोदय विकास संघ के कई लोग शामिल थे।

## थाना प्रभारी ने पूजन सामग्री का वितरण किया



**धुरकी गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने थाना परिसर में छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामग्री का वितरण, व्रतधारियों से मांगा आशीर्वाद लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर धुरकी थाना परिसर में स्टॉल लगाकर थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने छठ व्रतधारियों के बीच फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने व्रत धारियों को शुभकामना देते हुए उनसे आशीर्वाद की भी कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था और पवित्रता का संगम है। इस त्यौहार में गरीब, अमीर सभी लोग भेदभाव को छोड़कर पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ भगवान भास्कर की पूजा आराधना करते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि चार दिनों का यह पर्व 36 घंटों का निर्जला उपवास रख छठ व्रती छठ पर्व करती है।

# बंशीधर नगर का 1943 में निर्मित अति प्राचीन सूर्य मंदिर छठ व्रतियों के लिए आस्था का केंद्र है



प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय में बांकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्य मंदिर छठ व्रतधारियों के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र है। जानकारी के अनुसार इस सूर्यमन्दिर की स्थापना नगर गढ़ के भैया राज किशोर देव की धर्मपत्नी सीता देवी ने सन 1943ई0 में करवाया था। उसी समय से यहां छठ व्रत होता है। लोगो का मानना है कि जो भी व्रतधारी यहां छठ व्रत करती हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यही कारण है कि यहां प्रत्येक वर्ष झारखंड के कई क्षेत्रों सहित सीमावर्ती उतर प्रदेश, मध्यप्रदेश सहित बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से छठ व्रत करने के लिए बड़ी संख्या में व्रतधारी आते है। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के अवसर प्रभात क्लब द्वारा साफ सफाई, छठ व्रतधारियों के स्नान के लिए कृत्रिम झरना, रोशनी, ध्वनि आदि की व्यवस्था विगत 54 वर्षों से किया जाता रहा है। अपने स्थापना काल से ही प्रभात क्लब समाजिक, धार्मिक व राष्ट्रीय कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। व्रतधारियों को हर संभव सुबिधा उपलब्ध कराने के लिए क्लब के सदस्य पूरे रात सक्रिय रहते है। इधर नवयुवक क्लब के द्वारा 1967 से लगातार प्रत्येक वर्ष छठव्रतधारियों के लिए छठ घाट पर साफ सफाई, बैंठने के लिए टेंट, व्रत धारियों के लिए कृतिम झरना, ध्वनि आदि का व्यापाक व्यवस्था किया गया है। इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार, अजय प्रसाद और कमलेश कुमार मेहता ने दी। उन्होंने कहा कि पंचमुखी मंदिर के निकट नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो इसके लिए क्लब के सदस्य हमेशा तत्पर रहते हैं। जय भामाशाह क्लब अध्यक्ष रजनीकांत मधुर भोलू ने बताया कि बस स्टैंड से लेकर सब्जी बाजार होते छठ घाट तक, जय भारत क्लब द्वारा बंशीधर मंदिर जाने वाले द्वार से नगर पंचायत कार्यालय तक साफ सफाई, रोशनी, ध्वनि के साथ साथ व्रतधारियों के बैठने की व्यवस्था किया गया है।

## सीआरपीएफ ने बूढ़ा पहाड़ की तलहटी में बसे ग्रामीणों के बीच सामग्री का किया वितरण



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के अति सुंदुरवर्ती बूढ़ा पहाड़ के तलहटी में बसे कुल्ही गांव में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 172 बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर कुल्ही, बहेराटोली, बूढ़ा पहाड़, छत्तीसगढ़ के पुनदाग गांव के ग्रामीणों के बीच दैनिक उपयोग के सामग्री का किया गया वितरण। वितरण किए गये सामग्री में 120 कंबल 36 पानी टंकी व। 56 प्लास्टिक तिरपाल व इन गांव में रह रहे प्रत्येक परिवार को दैनिक उपयोग में ले जाने वाले सामान है शामिल। उक्त जन कल्याणकारी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह उप कमांडेंट यू आर रामेशवरम सहायक कमांडेंट कैश प्रकाश सहायक कमांडेंट नीरज कुमार, मुंबईकर अक्षय पांडुरंग, सहायक कमांडेंट जीडी श्रीनिवास दुबे, के अतिरिक्त सीआरपीएफ कार्मि व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह ने कहां की केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 172 बटालियन या अन्य बटालियन के लोग का हमेशा प्रयास रहा है कि जिस क्षेत्र में रहे उस क्षेत्र में रहने वाले जनता के कल्याण और सुविधा के लिए हर संभव उत्थान का प्रयास किया करता है ताकि लोग शिक्षित व समृद्ध होकर मुख्य धारा में रहे। सीआरपीएफ के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम का ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए पुलिस के जवानों पर आभार जताया।

# मंत्री ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के जोलंगा युवा संघ के तत्वाधान में मिशन स्कूल के मैदान में शुक्रवार को फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का फाईनल मैच का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर एवं गेंद को किक मारकर शुभारंभ किया। इस फाइनल मुकाबले में कुदरूम की टीम ने भलुआनी टीम को 4-1 से हराया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बिजेता और उपविजेता टीम को शिल्ड और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने निरंतर खेल और खिलाडियों को बढ़ावा दे रहीं है। सरकार आपकी खेल प्रतिभा को निखारने एवं सवांरने का काम कर रही है और प्रतिभा शाली खिलाड़ियों को नौकरी देने का भी काम झारखंड की हेमंत सरकार कर रही है। खेल प्रतिभा के बल पर आप लोग भविष्य में फुटबॉल में देश का प्रतिनिधित्व करें ,शुभ कामनाएं है। उन्होंने हर संभव सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, लिलावती देवी, मुमताज रंगसाज सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**फाइनल मुकाबले में कुदरूम की टीम ने भलुआनी टीम को 4-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया**

## सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ बैठक

# सामूहिक विवाह गढ़वा के लिए इतिहास रचना है: उमर नूरानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के जिला कार्यालय जिला परिषद मार्केट में कन्या विवाह एंड विकास समिति के संरक्षक उमर नूरानी ने अपने अल्पसंख्यक सामुदायिक के लोगों के साथ एक बैठक किया। बैठक में गढ़वा प्रखंड सहित विभिन्न प्रखंड के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल थे। इस दौरान उमर नूरानी ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा आगामी 6 दिसंबर को होने वाले सामूहिक 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम को गढ़वा के लिए इतिहास रचना है। जिसे लेकर संस्था दिन-रात मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय के वर वधु भी शामिल रहेंगे। जिनका विधिवत निकाह के साथ विवाह कार्यक्रम सफल कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि संस्था लोगों से अपील करता है कि होने वाले 6 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद देने जरूर पहुंचे। इस अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली, हसीबुल्लाह अंसारी, रामजी, ओबेदुल्ला हक, जिला प्रबंधक अयूब खान, आसिफ खान, रमजान हाशमी, विभूति पांडे, अमानत खान, टिंकू, रंजीत कुमार, मौलाना संजर, आसिफ राजा, नबाब, हाफिज मो इरफान, हाफिज नूर आलम, अंसार अली आदि उपस्थित थे।

# बैठक से गायब रहने वाले चिकित्सकों से उपायुक्त ने स्पष्टीकरण मांगा

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला समुचित प्राधिकारी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला सलाहकार कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सिविल सर्जन गढ़वा डॉ अवधेश सिंह द्वारा पीसी & पीएनडीटी ऐक्ट पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से संक्षिप्त जानकारी दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से गढ़वा जिले में सेक्स रेश्यो, अल्ट्रासाउंड क्लीनिक/सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए अल्ट्रासाउंड केंद्र हेतु प्राप्त आवेदन और रिन्यूअल को लेकर कमिटी द्वारा विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपायुक्त ने गढ़वा जिला में अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई का निदेश दिया, जिससे अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को बंद कराया जा सके। वहीं नए क्लीनिक के लाइसेंस हेतु आए 04 आवेदन यथा-यासमीन क्लिनिक रंका, मिलाप अल्ट्रासाउंड सेंटर, मेराल अल्ट्रासाउंड सेंटर मेराल, आरोग्यम अल्ट्रासाउंड केंद्र, गढ़वा और कांडी अल्ट्रासाउंड सेंटर, कांडी नाम से प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवश्यक दस्तावेज और अहर्ता रखने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के पश्चात ही लाइसेंस निर्गत करने की बात कही। वैसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जिनका लाइसेंस पूर्ण हो गया है, उन्हें लाइसेंस रिनुअल के लिए आवेदन करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बिना लाइसेंस रिन्यूअल के अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन ना हो, यह सुनिश्चित कराया जाए। वहीं बैठक में सिविल सर्जन ने पीसी & पीएनडीटी एक्ट के तहत कुछ नियमों में हुए बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि नए नियम के अनुसार केंद्र के बाहर डॉक्टर का नाम, मोबाइल नंबर एवं फोटो लगवाना अनिवार्य है। साथ ही केंद्र के बाहर यहां लिंग परीक्षण नहीं होता है से संबंधित एक बोर्ड लगाना भी आवश्यक है। उपायुक्त ने नये नियमों का अनुपालन अविलंब सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लाइसेंस प्राप्त केन्द्रों को उक्त नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने हर 15 दिनों में जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वैसे केंद्र जो नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें दो बार नोटिस देते हुए अविलंब सील करने को कहा गया। साथ बैठक में अनुपस्थित पाए गयें चिकित्सकों को कारणपृच्छा करने हेतु सिविल सर्जन डॉ सिंह को निदेशित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, ओएसडी पदाधिकारी संदीप भगत, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर गढ़वा, DPC जेवियर एक्का, डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा, अन्य चिकित्सा पदाधिकारी समेत चिकित्सा विभाग के अन्य कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थें।

# यात्रीगण ध्यान दें

अगले तीन-चार वर्षों में हर यात्री को कन्फर्म टिकट देने की योजना को लेकर अगर रेलवे सचमुच गंभीर है, तो यह अच्छी बात है। रेल मंत्री की ओर से मीडिया को दी गयी सूचनाओं के मुताबिक न केवल देश की तमाम कोच फैक्ट्रियों में दिन-रात काम किया जा रहा है, बल्कि ट्रेन की स्पीड बढ़ाने की दिशा में भी कदम उठाये जा रहे हैं। यह खबर ऐसे समय में आयी है, जब पर्व-त्योहारों के कारण रेलगाड़ियां ठसाठस भरी हुई हैं और लोग अमानवीय हालात में यात्रा करने को मजबूर हैं। और, यह कोई नई या अनोखी बात नहीं। गर्मी की छुट्टियों या त्योहारों के आसपास ऐसे दृश्य अक्सर दिख जाते हैं। साफ है कि ट्रेन आज भी अपने देश में आम लोगों की यात्रा का सबसे सरल और सहज साधन है। ऐसे में रेलवे को सबके लिए सुलभ, आसान और सुविधाजनक बनाना एक ऐसा लक्ष्य है, जो हर सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। मगर सच्चाई यह है कि प्रायः सभी सरकारें इसे चलताऊ ढंग से लेती रही हैं। ऐसे में जब रेलवे की ओर से इतने बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करने की बात आयी है, तो इसका स्वागत करते हुए भी यह नहीं भुलाया जा सकता कि यह बेहद कठिन है। इसके लिए न केवल ट्रेनों की संख्या में भारी इजाफा करना होगा, बल्कि रेल पटरियों का भी अप्रत्याशित तेजी से विस्तार करना होगा।

**चार साल में 3000 नयी ट्रेनें शुरू करने का मतलब है रोज दो नयी ट्रेनें शुरू करनी होंगी। देखना होगा कि यह सिलसिला कितनी जल्दी शुरू होता है और कब तक चलता है। ऐसे ही रेलवे ने हिसाब लगाया है कि इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गाड़ियों की रफ्तार में भी इजाफा करना होगा।**

हालांकि रेलवे की इस योजना पर एक गौर करने से यह जरूर साफ होता है कि इसमें मौजूदा स्थिति और टारगेट के बीच के अंतर पर अच्छी तरह से विचार किया गया है। ऐसे में सवाल सिर्फ यह है कि इस अंतर को भरने की दिशा में पर्याप्त तेजी दिखायी जा सकेगी या नहीं। यानी अगर तय लक्ष्य तक चार साल में पहुंचना है, तो इस बीच हर साल 4000-5000 किलोमीटर की नयी पटरियां बिछायी जा सकेंगी या नहीं। ट्रेनों की संख्या के मामले में यह हिसाब ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आता है। चार साल में 3000 नयी ट्रेनें शुरू करने का मतलब है रोज दो नयी ट्रेनें शुरू करनी होंगी। देखना होगा कि यह सिलसिला कितनी जल्दी शुरू होता है और कब तक चलता है। ऐसे ही रेलवे ने हिसाब लगाया है कि इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गाड़ियों की रफ्तार में भी इजाफा करना होगा, ताकि सफर का वक्त बचे। गाड़ियों के ठहरने और गति पकड़ने का टाइम पुल और पुश टेक्नॉलजी के जरिये बचाया जा सकता है और कहते हैं कि उस पर काम भी हो रहा है। मगर दो दिन पहले आयी एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल देश में ट्रेनों की औसत गति बढ़ने के बजाय पांच किलोमीटर प्रति घंटा कम हो गयी। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है कि रेलवे की यह नयी योजना चुनावी सब्जबाग का हिस्सा न हो, इसे ठोस रूप में अमली जामा पहनाया जाये।

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओइएफसीसी.) ने मार्च, 2016 में सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा-निर्देश जारी किये। मई, 2016 में पर्यावरण प्रभाव आकलन (इआइ) अधिसूचना, 2006 में संशोधन करते हुए बड़े पैमाने की रेत खदानों के लिए मंजूरी अनिवार्य की गयी। लघु खनन नियंत्रण हेतु यद्यपि अब तक 21 राज्य सरकारें एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा के तहत नियम बना चुकी हैं, तथापि अधिकांश राज्यों द्वारा जिला-स्तरीय निकायों का गठन करने के बावजूद सतही आधार पर मानदंडों का खुलेआम उल्लंघन जारी है।**

# अवैध खनन, एक चिंताजनक मुद्दा है

दीपिका अरोड़ा



**बीएसएफ के अनुसार अवैध खनन से जुड़े व्यक्तियों को नियंत्रित करना अथवा आतंकियों-अवैध खनिकों को पहचान पाना कठिन है। राजस्व उगाही का प्रमुख स्रोत होने के कारण अवैध खनन से न केवल राज्य को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि जमाखोरी तथा कालाबाजारी भी पनपती है। खनन विभागीय सूत्रों के दावे के अनुसार, अवैध खनन-भंडारण-परिवहन गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी लग जाये, तो सरकार 1500 करोड़ रुपये वार्षिक तक कमा सकती है।**

किसी भी राष्ट्र के विकास में प्राकृतिक संसाधनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कठिनाई तब आती है, जब तस्कर गिरोह अवैध ढंग से मनमाना दोहन आरंभ कर दें। रेत के अवैध खनन का मुद्दा चिरकाल से ही पंजाब में एक ज्वलंत समस्या बन कर उभरता रहा है। हाइकोर्ट में माइनिंग से संबंधित दर्जनों याचिकाएं लंबित हैं। सरकार और संबंधित विभागों को कई बार नोटिस जारी करने पर भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया।

हाल ही में एक सुनवाई के दौरान पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट ने स्पष्ट किया कि राजकीय विषय होने के बावजूद, पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के निकटस्थ क्षेत्रों में खनन संबंधी निर्णय रक्षा मंत्रालय ही लेगा। अगली सुनवाई पर उसे तत्संबंधी ब्योरा भी सौंपना होगा। गौरतलब है, 2 माह पूर्व कोर्ट ने इसी संदर्भ में दायर एक याचिका के दृष्टिगत पंजाब तथा केंद्र सरकार से जवाब तलब किया था।

**सैटेलाइट इमेजरी, ड्रोन तथा जीपीएस जैसी आधुनिक तकनीकें अवैध खनन गतिविधियों की निगरानी एवं पता लगाने में काफी मददगार सिद्ध हो सकती हैं।**

दरअसल, अवैध रेत खनन एक चिरस्थायी समस्या है, जो मानसून प्रारंभ होने से पूर्व चिंताजनक रूप धारण कर लेती है। चूंकि वर्षाकाल में उफनती नदियां निष्कर्षण प्रक्रिया बेहद जटिल बना देती हैं, अतः सामान्य दिनों में यथासंभव रेत बटोरने की होड़ मची रहती है। निरंतर बढ़ते मामलों से पर्यावरण पर पड़ते दुष्प्रभाव को देखते हुए खान तथा खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 23-सी के अंतर्गत, राज्यों को अवैध खनन-परिवहन-भंडारण रोकने एवं तत्संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नियम बनाने संबंधी शक्तियां प्रदान की गयीं। 2015 में एमएमडीआर अधिनियम संशोधन द्वारा दंडविधान अधिक कठोर बना दिया गया।

केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओइएफसीसी.) ने मार्च, 2016 में सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा-निर्देश जारी किये। मई, 2016 में पर्यावरण प्रभाव आकलन (इआइ) अधिसूचना, 2006 में संशोधन करते हुए बड़े पैमाने की रेत खदानों के लिए मंजूरी अनिवार्य की गयी। लघु खनन नियंत्रण हेतु यद्यपि अब तक 21 राज्य सरकारें एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा के तहत नियम बना चुकी हैं, तथापि अधिकांश राज्यों द्वारा जिला-स्तरीय निकायों का गठन करने के बावजूद सतही आधार पर मानदंडों का खुलेआम उल्लंघन जारी है।

नियमानुसार, पंजाब सरकार क्षेत्र में गैर वाणिज्यिक परियोजनाओं के लिए केवल सामान्य मिट्टी की मैनुअल खुदाई वैध है। विभागीय पूर्वानुमति अनिवार्य होने पर भी माफिया इसे गंभीरतापूर्वक नहीं लेता। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार बीते एक वर्ष के दौरान पंजाब में अवैध खनन के 577 मामले दर्ज हुए। अधिनियम, 1927 की धारा 4 तथा 5 एवं पंजाब भूमि सुरक्षा अधिनियम के तहत खनन अवैध घोषित होने के बावजूद, गढ़शंकर उपमंडल के बीत क्षेत्र में 200 फुट तक ऊंची शिवालिक पहाड़ियां माफिया खनन सक्रियता के चलते विलुप्तप्रायः स्थिति तक पहुंचने की खबरें भी सुनने में आयीं।

सुनवाई के दौरान सामने आया कि सीमा से सटे क्षेत्रों में पिछले 10 वर्षों से अवैध खनन गतिविधियां सक्रिय हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा होने के कारण बीएसएफ तथा सेना भी गत वर्ष इस संदर्भ में चिंता जता चुकी हैं।

बीएसएफ के अनुसार अवैध खनन से जुड़े व्यक्तियों को नियंत्रित करना अथवा आतंकियों-अवैध खनिकों को पहचान पाना कठिन है। राजस्व उगाही का प्रमुख स्रोत होने के कारण अवैध खनन से न केवल राज्य को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि जमाखोरी तथा कालाबाजारी भी पनपती है। खनन विभागीय सूत्रों के दावे के अनुसार, अवैध खनन-भंडारण-परिवहन गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी लग जाये, तो सरकार 1500 करोड़ रुपये वार्षिक तक कमा सकती है।

समस्त नियम ताक पर रख कर किया गया अतिशय दोहन पर्यावरण असंतुलित करने के साथ प्राकृतिक आपदाओं को भी आमंत्रित करता है। खनन प्रक्रिया के दौरान वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जहां असंख्य जीवों के आवास छीन लेती है, वहीं अत्यधिक मृदा-बहाव जल प्रदूषण के साथ प्रतिवर्ष वर्षाकाल के दौरान भयंकर तबाही का सबब बनती है।

पंजाब में खनन का दायरा अत्यंत विस्तृत है, जिसका प्रत्येक पहलू जांचना अनिवार्य है। अवैध खनन पर पूर्ण रोक लगाने हेतु एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें कानूनी-नियामक ढांचा मजबूत करना, जांच-निगरानी में सुधार लाना, धारणीय खनन विधियों को बढ़ावा देना, जन-जागरूकता तथा शिक्षा अभियान आरंभ करना आदि सम्मिलित हों।

सैटेलाइट इमेजरी, ड्रोन तथा जीपीएस जैसी आधुनिक तकनीकें अवैध खनन गतिविधियों की निगरानी एवं पता लगाने में काफी मददगार सिद्ध हो सकती हैं। कार्रवाई के दौरान माफिया द्वारा अंजाम दी गयी कई लोमहर्षक घटनाएं कर्मठ अधिकारियों एवं जागरूक नागरिकों का मनोबल तोड़ती हैं। उनकी सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित बनाना सरकार-प्रशासन की अहम जिम्मेदारी है। इस विषय पर गहन मंथन होना चाहिए। पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट पहले ही चेतावनी दे चुका है, अगर अवैध खनन पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कदम नहीं उठाये गये, तो आने वाले समय में पंजाब पीने के पानी तक को तरस जायेगा। आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय संकट उत्पन्न करने वाला अवैध खनन हमारे जांबाज सीमा प्रहरियों की कर्मनिष्ठा से भी खुल्लमखुल्ला खिलवाड़ है। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है, फिर स्थितियां सुधारने में इतनी ऊहापोह क्यों?

## जमशेदपुर की खबरें

# बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ ने छठव्रतियों के बीच किया निःशुल्क सामग्री का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के संस्थापक विकास सिंह नेतृत में मानगो डिमना रोड हीरा होटल के समीप छठपूजा के पावन अवसर पर हजारों छठ वर्तधारियों के बीच निःशुल्क पूजा सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस सहित अन्य नेतागण शामिल हुए। मौके पर छठ वर्तधारी महिलाओं के द्वारा सामूहिक छठ की गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर महिलाएं झूमते गाते नजर आई। संघ के संस्थापक विकास सिंह ने कहा बीते छः वर्षो से संघ छठव्रतियों के बीच निशुल्क कपड़े के थैले में सूप,नारियल,गागल, सेव, संतरा केला,गन्ना,कच्चा गाजर, कच्चा हल्दी व आंवले का वितरण की जारही है। उन्होंने बताया कि छठ व्रतधारीयों को सेवा भाव से सहयोग करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। वे लोग बड़े भी सौभाग्यशाली होते हैं। संघ के सदस्य द्वारा पूर्व में ही कूपन का वितरण किया गया था। कूपन के आलावे बिना कूपन के छठ वर्तधारियों के बीच भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, दिनेशानंद गोस्वामी,शंभू नाथ सिंह, चंद्रगुप्त सिंह,गुंजन यादव, अमित अग्रवाल, के.के बिल्डर विकास सिंह, अभय सिंह, विनोद सिंह,राजेश शुक्ला, कुसुम पूर्ति, प्रशांत पोद्दार,राजेश सिंह, संजय तिवारी, अमरिंदर पासवान, प्यारेलाल शाह, शंकर रेड्डी,पप्पु सिंह,शंकर पोद्दार, सुखदेव गिरी ,प्रो. यू.पी.सिंह, जटाशंकर पांडे, डॉ अनिल सिंह, डॉ जयशंकर सिंह, राम अवधेश चौबे, विपिन झा,जयराम मिश्रा, सोनू ठाकुर, योगेश्वर ठाकुर, अरविंद महतो, नीरू सिंह, सुशीला शर्मा, चितरंजन वर्मा, विजय तिवारी ,शंभू त्रिवेदी,रेनू शर्मा,नवनीत तिवारी, मनोज सिंह, संतोष चौहान ,संजय सिंह,छोटे लाल सिंह,मनोज ओझा, राम सिंह कुशवाहा, दुर्गा दत्त, किशोर बर्मन,संदीप शर्मा,राकेश लोधी, शिव साव, राजेश साव, चुन्नु पांडे, संजीव पांडा, अतानु हजारे, संजु देवी, विनय कुमार, अशोक गौड़, बबलु सिंह, बबलु महाराज, सहित अन्य उपस्थित शामिल रहे

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने छठ घाटों का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल छठघाटों का दौरा किया। शनिवार को बारीडीह बस्ती निराला पथ घाट,जिला स्कूल घाट,भोजपुर कॉलोनी घाट, बिहारी घाट,बागुनहातु घाट, नामतापाडा घाट,भुईयाडीह घाट, बाबुडीह घाट,मोहरदा घाट, हुरलुंग घाट,मनीफिट धोबीलाईन छठ घाट,जेम्को चौक छठ घाट और मकदम छठ घाट पहुंच कर नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर जिलाअध्यक्ष ने सभी घाटों में पथ,सफाई,बिजली की व्यवस्था,नदी में गोताखोर, डेंजर जोन को चिन्हित,चेंजिंग रूम की व्यवस्था में कमी को तत्काल जेएनएससी के पदाधिकारी,कम्पनी के अधिकारी को फोन में सम्पर्क कर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

## छठ पूजा के पूर्व डीसी और एसएसपी ने घाटों का किया निरीक्षण

# छठ पूजा में सुविधा और सुरक्षा के उपायों का करें अनुपालन : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पूर्व डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी किशोर कौशल ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। शनिवार को उन्होंने छठ पूजा के पूर्व संध्या प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार,एसडीओ पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, उपनगर आयुक्त जेएनएसी,जुस्को प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने स्वर्णरेखा घाट मानगो पुल,दो मुहानी घाट,बेली बोधनवाला घाट,बड़ौदा घाटों की साफ-सफाई व छठव्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी साफ-सफाई,चेंजिंग रूम, डेंजर जोन और बेरिकेडिंग, गोताखोर, बिजली की व्यवस्था और पार्किंग का जायेजा लिया। डीसी ने नगर निकाय, पुलिस, यातायात, विद्युत, आपदा प्रबंधन सहित सभी संबद्ध पदाधिकारियों को आपस में समन्वय सुनिश्चित कर कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि घाट आने वाले छठव्रती को किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो। सुरक्षा के लिए घाटों पर नियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। डीसी ने आम लोगों से सुविधा और सुरक्षा के उपाय का अनुपालन करने का आग्रह किया। मौके पर सभी जिलावासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं और बधाई दी। वही एसएसपी किशोर कौशल ने शहर वासियों से जिला प्रशासन के द्वारा किये गये सुरक्षात्मक इंतजाम का पूर्ण रूप से अनुपालन करने का आग्रह की। उन्होंने कहा कि लागू किये गये ट्रैफिक व्यवस्था का पालन करे। ताकि आने जाने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने आतिशबाजियों को लेकर हमेशा पूर्ण एहतियात बरतें की आग्रह की। खासकर बच्चे, बूढ़े और महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आतिशबाजी करें। त्योहार में कोई भी ऐसा कार्य न करें जो दूसरों के लिए खतरे का सबब बने। उन्होंने डेंजर जोन व बढ़े हुए जलस्तर के समीप चिन्हित किये गये सुरक्षा सीमा का उल्लंघन न करने की अपील की।

# शिविर में विभागों के स्टॉल लगाकर कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को करें लाभ प्रदानः डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीसी रविशंकर शुक्ला ने वर्चुअल बैठक की। शनिवार को डीसी ने कार्यक्रम के सफल संचालन की तैयारीयों को लेकर समीक्षा की। मौके पर डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर लाभ प्रदान करने का निदेश दिए। वर्चुअल बैठक में उपविकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई के द्वारा पूर्व में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आई चुनातियों को देखते हुए तैयारियां करने व लोगो के सहूलियत को देखते हुए शिविर में पर्याप्त मात्रा मे फोटो कॉपी स्टॉल लगाने,पेयजल की व्यवस्था के लिए निदेश दिया। डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कहा जिले में 24 नवंबर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंड व पंचायतो में आयोजित होने वाले शिविर में स्वास्थ्य केंद्र,आधार केंद्र,जन्म मृत्यु निबंध केंद्र,आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व, मनरेगा, आवास, पशुपालन,पेयजल, शिक्षा,समाज कल्याण,कल्याण विभाग, समाजिक सुरक्षा,वन विभाग,श्रम विभाग, आयुष्मान कार्ड केंद्र, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जेएसएलपीएस, अबुआ आवास योजना, बैक का स्टॉल लगाया जाएगा। शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त कर निश्चित किया जाएगा। डीसी ने सरकार की योजनाओं में अबुआ आवास, कृषि क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। ताकि योग्य लाभुक लाभान्वित हो सके। डीसी ने सभी शिविर में लोगो के सहूलियत के लिए फोटो कॉपी की पर्याप्त व्यवस्था करने व तीन आधार केंद्र संचालन करने का निर्देश दिए। ताकि किसी भी परिस्थिति में लोगो को समस्याओं का सामना ना करना पड़े। साथ ही शिविर में योजनाओं के अतिरिक्त प्राप्त विभिन्न शिकायतों के निराकरण की बेहतर प्रयास करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन के लिए स्टॉल का नंबरिंग करने,सहायता केंद्र स्थापित करने,क्षेत्रीय व प्रखंड स्तर पर विभिगीय पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करने, प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच बनाकर विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच परीसंपत्तियों का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# शहीद संतोष का पार्थिव शरीर पहुंचा घाघरा सम्मान में लगे 'भारत माता की जय' के नारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सीआरपीएफ के जवान संतोष उरांव का शव घाघरा में आते ही मातम का माहौल पसर गया। बच्चे से लेकर बुजुर्गों की आंखें नम दिखाई दीं। लेकिन सभों के मन में एक जोश और देशभक्ति का जज्बा दिखाई दिया। शहीद संतोष की बम विस्फोट की चपेट में आने से हुई मौत की सूचना जैसे ही घाघरा में लोगों को मिली, पूरे इलाके में मायूसी छा गई।



लोग शनिवार की सुबह से ही मुख्य पथ पर इकट्ठा होकर पार्थिव शरीर को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जुटे रहे। जिसके बाद सुबह करीब 9 बजे जैसे ही पार्थिव शरीर को लेकर पुलिस प्रशासन के लोग प्रखंड मुख्यालय होते हुए तुरियाडीह गांव जाने लगे, इस दौरान इकट्ठा हुए लोगों ने भारत माता की जय, संतोष उरांव अमर रहे का नारा लग रहे थे। इस क्रम में मौजुद लोगों का आंखे नम थी, कुछ लोग रोते हुए भी नजर आए। प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदनी चौक में पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि देते हुए विद्यार्थी और घाघरा के प्रबुद्ध जन मौजूद थे। सड़क के दोनों ओर घाघरा वासियों नेअपने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर कतारबद्ध खड़े थे। बताते चलें कि शुक्रवार को सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान चाईबासा जिले के गोईलकेरा स्थित हाथीबुरु के जंगल में अचानक ही आईडी विस्फोट हो गया। जिसमें गुमला जिला के घाघरा स्थित तुरियाडीह गांव निवासी संतोष उरांव की मौत हो गई। जो सीआरपीएफ-94 बटालियन में सैनिक के रूप में तैनात थे। शहिद संतोष की पत्नी फुल सुंदरी देवी को जिले के उपायुक्त करण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने एक लाख रुपये का चेक भी दिया। उन्होंने परिवार वालों से कहा कि सरकार व प्रशासन पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ है। साथ ही कहा कि हर सरकारी सुविधा दी जाएगी, जो संतोष के परिजनों को मिलना चाहिए।

**संतोष चाहता था कि गांव के अन्य युवा भी पुलिस में जाकर करें देश सेवा :**

शहीद संतोष के बचपन के दोस्त और सहपाठी सहदेव भगत ने बताया कि संतोष काफी मृदु भाषी था और हमेशा ही परिवार वालों के साथ-साथ गांव के बारे में सोचता रहता था। उसके समझ के अनुसार वह हमेशा गांव के युवाओं को देश सेवा में शामिल होने के लिए अभी से मेहनत करने का अपील भी करते रहता था। उसके मौत से मन काफी दुखित है, व्यथित हैं और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

**शहीद को डीसी और एसपी ने दी सलामी :** शहीद के गांव तुरियाडीह में पहुंच कर जिले के उपायुक्त करण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के अलावे अभियान डीएसपी मनीष कुमार, एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल, थाना प्रभारी अमित चौधरी सहित सीआरपीएफ की पूरी टीम ने सलामी दी। वहीं अधिकारियों ने पुष्प समर्पित कर अंतिम विदाई भी दिया। जैसे ही शहीद का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। पूरे गांव में रोने की आवाज गूंजने लग गई। सभी मर्माहत थे, सभी की आंखें नम थी। हजारों की संख्या में आसपास के गांव से लोग संतोष के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे थे। ग्रामीणों ने संतोष के अंतिम संस्कार के बाद ही भारी मन से घर लौटे।

**उसके पैतृक गांव में हुआ उसका अन्तिम संस्कार :** शहीद संतोष उरांव को उसके पैतृक गांव तुरियाडीह में ही दफनाया गया, उरांव रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार किया गया उनकी अपनी पुश्तैनी जमीन में ही ।

## ट्रक से भिड़ंत में बचे बाइक सवार

**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित विकास भारती के समीप शनिवार को बॉक्साइट ट्रक एवं बाइक की भिंडत में हाडूप गांव निवासी दिनेश्वर सिंह 60 वर्ष एंव गणपत खेरवार 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना के संबंध में घायल दिलेश्वर सिंह ने बताया कि हम लोग अपने गांव हाडूप से होंडा शाईन बाईक में सवार होकर बिशुनपुर साप्ताहिक हाट आ रहे थे। उसी दरमियान हम लोग विकास भारती के समीप पहुंचे तो घाघरा की ओर से आ रही बॉक्साइट ट्रक से भिंडत हो गई जिससे हमलोग दूर में जा गिरे। इसके बाद राहगिरो के द्वारा हम लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया है। वही घटना में बाईक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बॉक्साइट ट्रक व मोटरसाइकिल दोनों वहान को कब्ज में लेते हुए थाना ले आए। बॉक्साइट ट्रक का ड्राइवर घटना के बाद गाड़ी छोड़कर फरार है।

## मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सिसई।** थाना क्षेत्र के छारदा लठदाग गांव निवासी मारपीट के आरोपी उदय सिंह (42) व सकलदीप सिंह (27) को उसके घर से गिरफ्तार कर सिसई पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में केस आईओ एसआई मीनकेतन कुमार ने बताया कि प्रखंड में नल जल योजना के तहत कार्य कर रहे कर्मी मंचन मिश्रा ने मारपीट के मामले में अक्टूबर में केस दर्ज कराया है। उक्त केस में दोनो आरोपी है। कांड दर्ज होने के बाद से दोनों फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना पर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले के एक आरोपी लट्ठदाग गांव निवासी प्रदीप सिंह को पूर्व में जेल भेजा गया है।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया प्रक्षेत्र दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती किशनपुर के द्वारा शनिवार को चैनपुर प्रखंड के दातरा गांव में अगर पंक्ति प्रत्यक्षण के अंतर्गत लगे सरगुजा प्रभेद बिरसा नाइजर -1पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस प्रक्षेत्र दिवस के आयोजन पर डॉ संजय कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि सरगुजा जिसे जटगी के नाम से भी जाना जाता है या फसल कम पानी में भी आसानी से उगाई जा सकती है। साथ ही बिरसा नाइजर-1 इस क्षेत्र के लिए काफी उपयुक्त है। साधारण रूप से यह फसल 85 से 100 दिनों में तैयार हो जाती है। साथ ही इस फसल को उगाने में कम से कम लागत की आवश्यकता होती है। इस प्रक्षेत्र दिवस के अवसर महेश जायसवाल, रेणु देवी, समीर मिंज, नागौर एक्का, मनी मुंडा, सरिता मिंज साहित क्षेत्र के 35 किसानों ने भाग लिया ।

## घाघरा में छठ घाटों की साफ-सफाई की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा छठ नगर छठ मोहल्ला में छठ महापर्व को लेकर सदस्यों ने शनिवार को छठ घाट का श्रमदान कर साफ सफाई किया। इस क्रम में सदस्यों ने छठ घाटों को पानी से धोया और सड़क किनारे का जगह पर फैले कंकड गंदगी को साफ सफाई की ताकि छठ बरातियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। मौके पर छठ पूजा समिति के सदस्यों ने कहा कि खीर भोजन के बाद रविवार की शाम डूबते भगवान सूर्य को अर्घ्य दी जाएगी और सोमवार को प्रातः में उगते सूरज को अर्घ्य दी जाएगी। जहां छठ पूजा की समाप्ति होगी छठ व्रतियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो जिसके लिए पूरी विधि व्यवस्था के साथ साथ साफ-सफाई की गई है। इस बार प्रखंड प्रशासन द्वारा किसी भी तरह का सहयोग नहीं किया गया, जिससे समिति के लोग काफी आहत हैं और न ही कोई जायजा छठ पूजा को लेकर की गई है। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमित ठाकुर, आशीष कुमार सोनी, ओमिसेश मिश्रा, अजय गुप्ता, रूपेश गुप्ता, सुरेश चौरसिया, ऋतिक सोनी, अमन ठाकुर, कुश कुमार गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, विशाल साहू, सुनील लहरी, आकाश गुप्ता, शशि, राहुल तुरी, तुषार सहित कई सदस्य शामिल थे।

## अस्तचलगामी सूर्य को आज अर्घ्य देंगे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** छठव्रतियों ने शनिवार को नदी तालाबों में पवित्र स्नान कर खरना का व्रत शुरू किया। दिन भर उपवास कर व्रतियों ने पूजा की विधि संपन्न की। नहा धोकर व्रतियों द्वारा शुद्ध बर्तनों में खरना का प्रसाद तैयार किया गया। जिसके बाद भास्कर को प्रसाद अर्पित कर स्वयं प्रसाद का सेवन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं व सगे-संबंधियों के बीच खरना प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद ग्रहण के वक्त पूर्ण रूप से नेम निष्ठा का ध्यान रखा गया। वहीं लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किये। शाम में शहर की सभी सड़के गुलजार रही। लोग एक-दूसरे के घर आते-जाते रहे। छठव्रतियों द्वारा घरों के प्रवेश द्वार को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। प्रसाद ग्रहण करने वालों को



छठव्रतियों द्वारा तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया गया। वहीं खरना प्रसाद ग्रहण करने के साथ छठव्रतियों का उपवास आरंभ हो गया। उदीयमान व अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठव्रती घरों में या घाट पर सत्यनारायण की कथा सुनने के उपरांत उपवास तोडेंगी। रविवार की संध्या छठ व्रतियों के द्वारा अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। जबकि दूसरे दिन सोमवार को अहले सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। तत्पश्चात विधि पूर्वक पूजन व हवन कर धार्मिक अनुष्ठान संपादित किये जायेंगे। छठ पूजा को लेकर छठव्रतियों के द्वारा खरना पर्व के दूसरे दिन स्नान कर व अच्छे वस्त्र पहनकर ठेकुआ व अन्य प्रसाद बनाया जाएगा। जिसे सुप के साथ घाट ले जाकर अर्घ्य दिया जाएगा।

## सचिव ने किया नवरतनगढ़ का दौरा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शनिवार को जिले में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर गुमला जिले के दौरे पर पहुंचे। इस क्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उन्हें गुमला के सिसई प्रखंड में स्थित जिले के ऐतिहासिक धरोहर नवरत्नगढ़ का भ्रमण करवाया। सचिव चंद्रशेखर ने पहली बार इस क्षेत्र का भ्रमण किया एवं उन्हें पुरात्विक विभाग के कर्मियों के द्वारा नवरत्नगढ से जुड़े ऐतिहासिक कहानियों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने नवरतनगढ के किले, रानी महल, स्टेप वेल, तालाब एवं नवरत्नगढ़ के मंदिरों का मुआयना किया। पुरातात्विक विभाग के द्वारा की जा रही नई खुदाई को भी देखा एवं खुदाई के दौरान मिले सालों पुराने मूर्तियों एवं अन्य वस्तुओं को भी करीब से देखा। उन्होंने वहां बने शिवलिंग एवं श्री गणेश की पत्थर में बने आकृति को भी देखा। सचिव ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया।

## छठ को लेकर अपनी तैयारी में जुटा है प्रशासन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर एक ओर छठवर्ती व उनके परिजन जोरों की तैयारी में जुटे हैं, वही स्थानीय पुलिस प्रशासन पर्व में आम जनों की सुविधाओं को लेकर आपनी तैयारी में जुटा है। पुलिस आवागमन को सुचारू बनाने हेतु लगातार ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी हुई है।मगर इसके बावजूद शहर में जगह जगह जाम की स्थिति बनी हुई है।शनिवार को एक ओर बाजार में उमड़ी भीड़ के बीच खरना पर्व को लेकर छठव्रतियों का छठ घाटों में आवाजाही लगी रही।इस दौरान छठ व्रतियों को सड़क जाम के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।शहर के सिसई रोड स्थित छठ पर्व में विधि व्यवस्था को लेकर सीडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने घाट का मुआयना। वहीं नागफेनी स्थित छठ घाट का मुआयना करने के बाद यातायात व पार्किंग को लेकर कई प्रकार के उपाय किए। जिससे लोगों को असुविधा न हो। नागफेनी छठ घाट पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बैरिकेडिंग लगवाया।

## केओ कॉलेज गुमला में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की तैयारी जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सुदूर इलाके के जनजातीय बहुल क्षेत्र में अवस्थित कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में 29 और 30 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके लिए अब तक लगङ्गाग 150 एब्स्ट्रेकट प्राप्त हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का विषय एथेनोबॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी और मल्टीडीपीपिनरी रिसर्च रखा गया है। इस कॉन्फ्रेंस में देश के 15 राज्यों से लगङ्गाग 300 वैज्ञानिक और प्रतिङ्गागी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा कनाडा, चीन और



श्रीलंका के वैज्ञानिक ङ्गी सम्मिलित होंगे। देश के प्रसिद्ध संस्थान जैसे सीएफटीआरआइ मैसूर, एनबीआरआइ लखनऊ, नीरी नागपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, दिल्ली, ओड़िशा, झारखंड आदि के ङ्गी वैज्ञानिक इस मौके पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक आङ्गासी माध्यम से ङ्गी अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन के ओ कॉलेज गुमला के आइक्यूएसी और नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च रांची द्वारा किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ प्रसनजीत मुखर्जी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस की तैयारी जोरों से जारी है। साथ ही शिक्षकों और छात्रों में उत्साह है। कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य ए जे खलखो होंगे।

## शराब बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी किया गया। इस क्रम में जारी थाना पुलिस बल के द्वारा श्रीनगर गांव में अवैध रूप से महुवा शराब बेच रहे लोगों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस द्वारा 100 लीटर महुवा दारू को नष्ट किया गया। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि अवैध रूप से बेच रहे दारू के खिलाफ छापेमारी की गई है। सभी को चेतावनी दी गई है कि अवैध रूप से दारू बिक्री न करें अन्यथा पकड़े जाने पर सभी के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अबुआ आवास योजना को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी अबुआ आवास योजना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। योजना के शत प्रतिशत सफल कार्यान्वयन को लेकर राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के सचिव चंद्रशेखर की उपस्थिति में शनिवार को सिसई प्रखंड के रेडवा पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता सहित जिले के सभी प्रखंडों के बीडीओ, जिला और सभी प्रखंडों के आवास समन्वयक, सभी मनरेगा बीपीओ,सभी लेखापाल सह कंप्यूटर, आपरेटर, सभी प्रखंडों के एक एक पंचायत सचिव सहित प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, जनसेवक रोजगार सेवक, कनीय व सहायक अभियंता व अन्य कर्मी उपस्थित थे। सचिव चन्द्रशेखर ने कहा कि राज्य में निवास करने वाले आवास विहीन, छोटी कच्चे मकानों व निराश्रितों को किचन सहित तीन कमरों वाली पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार जनकल्याणकारी अबुआ आवास योजना चला रही है। सरकार झारखंड के आठ लाख जरुरतमंद परिवार को आवास लाभ दिलाने के लिए कृत-संकल्पित है। इस कल्याणकारी योजना से कोई योग्य परिवार वंचित न रहे और संपन्न परिवार अनुचित रूप से इसका लाभ न ले पाएं इसके लिए सरकार द्वारा योजना का मापदंड तय किया गया है। आगामी पंचायत स्तरीय सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन पत्र प्राप्त किया जाएगा। सरकारी जांचोपरांत वरीयता सूची के आधार पर लाभुकों का चयन किया जाएगा।

## हेमंत ने इतनी लंबी लकीर खींची कि विपक्ष के पास कुछ बचा ही नहीं: भूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक शनिवार को सिसई रोड स्थित माही मैरिज हॉल के समीप गांधीनगर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विधायक गुमला सह झामुमो जिला अध्यक्ष भूषण तिर्की ने की। बैठक की शुरूआत झारखंड के आंदोलनकारी तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा गुमला जिला 15 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य स्व.शिशिर तिर्की के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करने के साथ किया गया।



सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जब से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगवाई में सरकार बनी है एक से बढ़कर एक ऐतिहासिक एवं साहसिक कार्य कर रही है और उन्होने इतनी लंबी लकीर खींच दी है कि विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है। खासकर भारतीय जनता पार्टी और उसके पिछलग्गू आजसू पार्टी जो भाजपा की बी टीम है पूरी तरह तिलमिला गई है। क्योंकि विगत 17 वर्षों से झारखंड में भाजपा के नेतृत्व में सरकार रही है और इनके कार्यकाल में विशेष कर अल्पसंख्यकों मुसलमानों आदिवासियों और दलितों को मुख्य धारा से नीचे गिराने का काम किया गया, तरह-तरह की बधाएं उत्पन्न की गई। ताकि इन लोगों का आर्थिक,शैक्षणिक,बौद्धिक, राजनीतिक एवं सामाजिक विकास ना हो सके। कभी धर्म के नाम पर मॉबलिचिंग करा कर राज्य के विभिन्न स्थान में कहीं तबरेज अंसारी तो कहीं अलीमुद्दीन अंसारी तो कहीं एजाज खान व प्रकाश मिंज की मोबलिंचिंग की गई। आज मणिपुर में आदिवासी महिलाओं और बेटियों को नंगा कर घुमाया गया। वहीं मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के मुंह पर पेशाब कर दिया गया। वह भी भाजपा का नेता था वहीं हाथरस जैसी घटना जिसमे एक दलित की बेटी के साथ जो बर्बरता की गई वो किसी से छुपी नहीं है।

राज्य में जितने जनविरोधी, अल्पसंख्यक मुस्लिम विरोधी आदिवासी एवं मूल निवासी विरोधी नीतियां भाजपा के शासन काल में अपनाई गई और भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाया गया इसमें सुदेश महतो और उसकी पार्टी आजसू पूरी तरह साथ रही और उसका बढ़ चढ़कर योगदान रहा। अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सह निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर ने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी आए दिन अल्पसंख्यक विशेष कर मुसलमान समाज और आदिवासी पर धर्म के नाम पर भीड़ के द्वारा हिंसक हमला करना एक मामुल बन गया था। जिसे कभी रोकने का प्रयास नहीं किया गया और ना ही कोई कानून बनाया गया। बल्कि मोबलिंचिंग करने वाले अपराधियों को उनके नेताओं द्वारा माला पहना कर स्वागत करने का भी काम किया गया था। जो बहुत निंदनीय है,इसमें भाजपा के साथ-साथ आजसू पार्टी भी बराबर की शरीक रही है। परंतु हेमंत सोरेन की सरकार ने मॉब लिंचिंग के विरुद्ध कानून बनाया इस कानून के तहत जो लोग भी इस तरह की घटना में शामिल होंगे उन्हें मृत्युदंड के साथ-साथ उम्र कैद की सजा तय की गई है ।

## ऑटो के पलटने से तीन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गणेश मंदिर करम टोली मोड में एक ऑटो के पलते से ओटो में सवार तीन लोग घायल हो गए घायलों में कुरूमगढ़ थाना अंतर्गत सकसरी निवासी मनु देवी उसका पति हरि उरांव और एक महिला कल्याणी केरकेट्टा घायल हो गए वहीं घटनास्थल पर एक महिला दूसरे ऑटो से तीनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराई जहां कल्याणी केर-केट्टा को प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने छुट्टी कर दी। जबकि दंपति का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बारे में जानकारी के अनुसार ऑटो गुमला से बांसडीह की ओर सवारी बैठा कर जा रहा था। वहीं चालक काफी तेज गति से ओटो चला रहा था। गणेश मंदिर करमटोली मोड़ के समीप अचानक ऑटो पलट गया। जिससे ऑटो में सवार लोग घायल हो गए घटना में 6से 7 लोगों को चोट लगी। जबकि तीन लोगों को ज्यादा चोट लगी जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ग्रामीणों ने ऑटो को अपने कब्जे में रखा है।

## बसपा कार्यकर्ताओं ने लिया संविधान दिवस मनाने का निर्णय



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित बालकिशोर सिंह इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमोद राम प्रेमी और संचालन विधान सभा प्रभारी रामनारायण राम ने किया। बैठक में बसपा के पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, रोशन कुमार रवि और चितरंजन दास उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से हर घर से एक सदस्य बनाते हुए 26 नवंबर संविधान के अवसर पर भाग लेने की अपील की। बैठक में परिखा राम, अवधेश राम, मोती कुमार, राजेंद्र राम, जितेंद्र कुमार, नंदलाल कुमार, लूल ठाकुर, चंद्रदेव राम, केदार राम, लक्ष्मण राम, रोहित कुमार, राजदेव राम, विकास कुमार, अमित कुमार, दिलीप राम आदि उपस्थित थे।

# आम के हरे पेड़ से धरती और मरे पेड़ से मुक्त होता है ब्रह्मांड का प्रदूषण : कौशल

## डीएफओ ने छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ी वितरित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**कहा- आम के पौधे नहीं लगाए गए, तो घी से भी महंगे बिकेंगी लकड़ियां**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने शनिवार को शहर के रांची रोड रेडमा दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के निकट जायसवाल टिंबर के नए प्रतिष्ठान परिसर में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ संयुक्तरूप से छठ व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियां वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएफओ ने कहा कि पवित्रता व शुद्धता के इस महान पर्व की बेला पर व्रतियों को मदद करना न सिर्फ उत्कृष्ट समाज सेवाभाव को प्रदर्शित करता है, बल्कि मानव जीवन में इससे बड़ा पुण्य और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने पिछले 30 वर्षों से जयसवाल टिंबर की ओर से किये जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना की। वहीं, पर्यावरण धर्म गुरु कौशल किशोर जायसवाल ने आम की लकड़ियों को दान करते हुए कहा कि अगर अभी से ही लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा वक्त आयेगा कि लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी ज्यादा कीमत आम की लकड़ी की देनी होगी। क्योंकि आम के हरे पेड़ से धरती और आम की सूखी लकड़ियों को जलाने से ब्राह्मणड तक का प्रदूषण मुक्त होता है। जायसवाल टिंबर ने शहरवासियों को पिछले 30 वर्षों से दीपावली की सुबह से छठ पूजा के खीर भोजन तक दो से तीन ट्रक प्रति वर्ष आम की सूखी लकड़ियां दान करते आ रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी जन्म भूमि छतरपुर के ग्राम डाली बाजार में पूजा सामग्री के साथ व्रतियों को साड़ी-धोती पूर्वजों से दान करते आ रहे हैं। वहीं, जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार, जिला पार्षद अमित कुमार और मुखिया पूनम जायसवाल का मानना है कि गरीब से गरीब लोग छठ पूजा करें और उन्हें आम की लकड़ी महंगे दामों पर ना खरीदना पड़े। इसी उद्देश्य से पूजा को लेकर ओडिशा और छत्तीसगढ़ से सुखी आम की लकड़ी खरीद कर पर्व के लिए इकट्ठा किया जाता है। उसे ही छठ पूजा में व्रतियों के बीच वितरण किया जाता है। इस कार्य की पूरी जिम्मेवारी जायसवाल टिंबर के प्रो अरुण कुमार जायसवाल एवं छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल को दिया गया है। छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ियां वितरित करने में बसंत सिंह, अनुज कुमार, गोपाल प्रसाद, मुनेश्वर मांझी, शमीम अंसारी, अमरेंद्र कुमार की भूमिका भी सराहनीय रही। मौके पर मिट्ठू सिंह, शालीवाहन, आयुष, विकास, गौतम, पीयूष, अभिषेक आदि उपस्थित थे।



छठ व्रती के बीच आम की लकड़ी का वितरण करते डीएफओ, पर्यावरण धर्मगुरु, अरुण अमित व मुखिया पूनम।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## छठ घाटों पर विधि व्यवस्था को लेकर सतर्कता एसडीओ ने की दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटो पर विधि व्यवस्था को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। एसडीओ ने बताया कि जमुहारी माई छठ घाट पर जेई अरुण कुमार यादव, जेपी चौक छठ घाट पर पंकज कुमार, पंच सरोवर मंदिर छठ घाट पर आशीष कुमार, कुशुआ नदी छठ घाट पर शिवनाथ राम, देवरी सोन नदी घाट पर मणिकांत कुमार, दंगवार सूर्य मंदिर छठ घाट पर अभिषेक कुमार, दरुआ चकरकी पुल छठ घाट बिशुनपुर पर नीरज कुमार गुप्ता, हैदरनगर शिवाला मंदिर छठ घाट पर रजा अंसारी, मोहमदगंज के कोयल नदी सूर्य मंदिर के समीप चंदशेखर कुमार, नहर के पास देवी मंदिर पर बसंत कुमार, माली देवी मंदिर के पास मिनहाज आलम, कोयल नदी तट पर मो रब्बानी अंसारी, सोनबरसा नहर पर नीतीश कुमार, पंचायत सचिवालय सूर्य मंदिर के पास संतोष कुमार रजक, ग्राम भाली देवी मंदिर के पास विकास कुमार, काशिशोत संगम तट मुकेश कुमार, कोयल नदी के तट व नहर किनारे दीपक सिंह, कोयल नदी के तट पर प्रेमचंद कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी दंडाधिकारी निर्धारित समयानुरूप अपने घाटो पर उपलब्ध रहेंगे। विधि व्यवस्था के लिए इसकी सूचना संबंधित थानों को दी गयी है।

## देवरी खुर्द के ग्रामीणों ने की छठ घाट की सफाई

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर छठ घाटों की साफ-सफाई युद्धस्तर पर जारी है। शनिवार को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द छठ घाट की साफ-सफाई की गई। जिसमें उत्तरी जिप सदस्य राजू कुमार मेहता ने अपने सहयोगियों के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिप सदस्य ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखा गया है।

## भावनात्मक आस्था का महापर्व है छठ : अविनाश देव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकआस्था के महापर्व छठ जनभावनाओं से जुड़ा त्योहार है। दुनिया के किसी भी कोने में भारतीय बसे हों पर छठ वहां भी करना नहीं छोड़ते। शास्त्रों ग्रंथो में छठ की महिमा बताई गई है, लेकिन यह महापर्व सूर्य उपासना का है। इसीलिए चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व के परवैतीन को झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय पुराना कोऑपरेटिव बिल्डिंग में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू के कार्यकर्ताओं के साथ सूर्य उपासना का प्रसाद फलहार एवं मिट्टी के ढकना का वितरण किया गया। इस मौके पर शोभा प्रजापति, मनीष प्रजापति, पप्पू उर्फ राहुल, प्रदीप, भुनेश, मदन, अनूप प्रजापति व अनिल चंद्रवंशी आदि थे।



## अभिषेक राज ने किया ईख-फलहार वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आजसू छात्र संघ के विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर फल एवं ईख वितरण किया गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं समिति के सदस्यों की ओर से ईख एवं पूजन सामग्री एवं फल वितरण किया गया। अभिषेक राज ने कहा कि इस वर्ष भी पूजन सामग्री वितरण किया गया है। मां गंगा एवं भगवान सूर्य नारायण को समर्पित आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सभी छठ व्रतियों के बीच खुद फल एवं छठ पूजन सामग्री का वितरण किया। मौके पर राहुल कुमार, प्रियांशु वर्मा, अंगद, अंशु वर्मा, बिपिन, मुकेश, मनीष, समीर आदि मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष टुटू सिंह ने छठ व्रतियों के बीच किया फलाहार का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक के समीप जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह ने शनिवार को छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री वितरण किया। उन्होंने फलाहार से भरे दर्जनों वाहन को ग्रामीण क्षेत्र में छठ व्रतियों के बीच वितरण के लिए रवाना किया। स्टॉल लगाकर पूजन सामग्री का वितरण करते हुए कहा कि छठ महापर्व में जिसे जितना भी सहयोग बने उतना करना चाहिए। कहा कि गरीब इलाकों में भी जो अत्यंत गरीब हैं व छठ महापर्व करने में सक्षम नहीं है, वैसे व्रतियों को भी छठ पूजा सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान भाष्कर की असीम कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करता हूं। इस मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, संजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह, निर्मल यादव, राजेश सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, अनुज सिंह, प्रदीप सिंह आदि मौजूद थे।



## पूर्व विधायक ने सरसोत एवं ढाब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने प्रखंड क्षेत्र के सरसोत और ढाब में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्मी पूजा महान त्योहार है। आस्था एवं सूर्य उपासना के महान पर्व छठ पूजा बहुत ही पवित्र और शुभ त्योहार है। इस मौके पर मुखिया जितेंद्र पासवान, जितेंद्र प्रजापति, वचन शर्मा, राहुल शर्मा, कामू मेहता, धनंजय मेहता, दीपू मेहता, शिक्षक अर्जुन राम, प्रदीप राम, अनीस राम, रामजीत राम, पंसस बासुदेव राम आदि उपस्थित थे।






















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |









**आस्था :** तालाब में डेंजर जोन कि की गयी बैरिकेडिंग, घाटों पर तैनात रहेगा बचाव दल, पुलिस मुस्तैद

# खरना संपन्न, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

### भक्ति गीतों से सराबोर हुआ कोयलांचल धनबाद, रौशनी से नहाया

आजाद सिपाही टीम

## छठ घाट सज-धज कर तैयार, व्रतियों का शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास

**धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को कोयलांचल में खरना पूजन के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। जिले के निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवड्डा, राजगंज, तेतुलमारी, धनबाद, बलियापुर, सिंदरी, झरिया, डिगवाडीह, सिंदरी, कतरास, पुटकी, लोयाबाद, केंदुआ, बाघमारा, धनसार आदि में शनिवार की सुबह खरना को लेकर विशेष तैयारियां चलती रही। महिलाएं पकवान बनाने के दौरान छठी मां के गीत गाती रही, व्रतियों द्वारा घर के पूजन स्थल में प्रसाद के रूप में बनने वाले विशेष पकवान बनाए गए। संध्या में प्राचीन नियमानुसार तरीके से प्रसाद के रूप में खीर, पूड़ी बनाया गया। व्रतियों ने भगवान भास्कर को ध्यान करते हुए छठी मईया की आराधना की। इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के लिए निर्जला व्रत शुरू किया। पूजन के बाद व्रतियों ने आस पास के महिलाओं सहित घर के सदस्यों को सिंदूर का टीका लगा सुख शांति और बेहतर स्वास्थ्य का आशीर्वाद दिया।



खरना व्रत करती छठ व्रती।



छठ पूजा को लेकर रौशनी से जगमगाता छठ घाट।

### धनबाद जिले के इन तालाबों में उमड़ेगी व्रतियों की भारी भीड़

धनबाद के रानी बांध तालाब धैया, बेकारबांध राजेन्द्र सरोवर, लोको टैंक हीरापुर, खोखन तालाब जेसी मल्लिक रोड, विकास नगर छठ तालाब बैंक मोड़, मनईटांड़ छठ तालाब, झरिया में ऐतिहासिक राजा तालाब, आनंद भवन तालाब, सिंह नगर तालाब, चार नंबर मां मंगला चंडी तालाब, एना तालाब, मोहलबनी स्थित दामोदर नदी तट, निरसा क्षेत्र के तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी तालाब, मैथन गोगना छठ घाट, अरुण री फैक्ट्री तालाब, चिरकुंडा बराकर नदी घाट, कुमारधुबी कोलियरी ईसीएल बराकर नदी घाट, लोयाबाद के मदनाडीह तालाब,,रानी तालाब,सेन्द्रा जोरिया बांसजोड़ा तालाब,कोकप्लांट नदी,आदि कतरास के कतरी नदी स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट, जोगता के सेन्द्रा नदी, तेतुलमारी के चंदौर बांध स्थित छठ तालाब और वेस्टमुडीडीह का ग्रामीण तालाब।

### छठ घाट सज-धज कर हुए तैयार

जिले के सभी छठ घाटों की सफाई का कार्य पूरा हो गया है। घाट सज धज कर तैयार हैं। तालाबों और जलाशय रंग बिरंगा रौशनी से चमक रही है। तालाबों के समीप की गई विद्युत सज्जा की पानी पर पड़ती मनोरम छठा बिखेर रही हैं। इन तालाबों और जलाशयों में रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगा। कमोवेश सभी घाटों पर चेंजिंग रूम, मंच आदि बनाये गए हैं। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से डेंजर जोन वाले तालाब और जलाशयों को चिन्हित कर बैरिकेडिंग की गई है। किसी अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। ऐसे घाटों पर विशेष रूप से गोताखोर और बचाव दल को तैनात किया गया है। इसके अलावे मेडिकल कैंप भी लगाए जाने की बात कही गयी है। स्थानीय कमिटियों द्वारा सभी घाटों पर वोलेंटियर तैनात किए गए हैं। व्रतियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए खास तौर से व्यवस्था की गई है।

# पूर्णिमा नीरज सिंह ने छठ तालाबों का लिया जायजा



### पाथरडीह में तालाब में बने घाट का किया उद्घाटन

**पाथरडीह रेलवे कॉलोनी स्थित दुर्योधन महतो तालाब में विधायक निधि से निर्मित स्नान घाट का विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने उद्घाटन किया। बताते चलें कि उक्त घाट का निर्माण विधायक फंड के तीन लाख 78 हजार 100 रुपये की लागत से की गई है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हरे मुरारी महतो, सोनू गोराई, अजीत महतो, संतोष पाण्डेय, महेश शर्मा, पूर्व पार्षद अनूप साव, मोहित सिंह, राजेश सिंह, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, दीपक शर्मा, राहुल कुमार, कपील सिंह आदि मौजूद थे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के कई छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई के साथ श्रद्धालुओं के लिए की गई अन्य सुविधाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश, सुपरवाइजर सहित कई निगम कर्मी मौजूद थे। इस दौरान झरिया के राजा तालाब, सिंह नगर तालाब, आनंद भवन तालाब आदि का निरीक्षण किया। साथ ही तालाब के आसपास ब्लीचिंग पावडर व चुना छिड़काव करने का निर्देश दिया। दूसरी ओर, विधायक ने आम लोगों से तालाब व उसके आसपास गंदगी नहीं फैलाने की अपील करते हुए महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

## झरिया में बीसीसीएल कर्मी ने की आत्महत्या

**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सहाना पहाड़ी में फंसे से झूलकर 40 वर्षीय बीसीसीएल कर्मी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गणेश नोनिया के रूप में हुई है। शनिवार को घर के खपरैले में लगे बांस में सहारे फंदे के सहारे लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वह अपने निवास में अकेला था। वह अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री के आलावे पत्नी आरती देवी को छोड़ गया, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, मृतक की पत्नी आरती देवी (38) ने बताया कि वह छठ पर्व करने के लिए अपने मायके तेतुलमारी स्थित दलहा बस्ती, बड़ा बेटा लक्की कुमार (10) और छोटा पुत्र बंटी कुमार (8) को अपने साथ लेकर गई थी। जबकि बड़ी बेटी दीपिका कुमारी (16) को पति के पास ही छोड़ गई थी। जो रात में सोने के लिए बस्ती में रहने वाले फुआ के यहां गई थी। शनिवार की सुबह अपने आवास में पहुंची, तो देखा कि प्लास्टिक रस्सी के सहारे उसके पिता लटके हुए हैं। इसके बाद उसने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। लगे हाथ मां को भी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पत्नी बच्चों को लेकर अपने आवास सहाना पहाड़ी पहुंच गयी। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि गणेश नोनिया शराब का अधिक सेवन करता था। जिसके चलते वह अक्सर डियूटी में भी गैर हाजिरी रहता था। वह लोदना एरिया 10 नॉर्थ तिसरा परियोजना में मजदूर के पद पर कार्यरत था। इधर घटना की जानकारी मिलते ही झरिया थाने के एसआई बाला जी राजहंस घटना स्थल पहुंच गए। फंदे से लटक रहे शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया।

## कसमार व सुरजुडीह बाल-विवाह मुक्त गांव घोषित

### चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं सहयोगिनी संस्था के संयुक्त अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार।** कसमार प्रखंड के सुरजुडीह व कसमार गांव को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित किया गया। स्थानीय मुखिया परिपुषा कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोनों गांव को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित किया गया। इस दौरान अन्य गांवों में भी सघन अभियान चलाकर उसे बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूरी, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण जैसी बुराईयों के रोकथाम का भी निर्णय लिया गया। शिक्षा से वंचित नहीं रहने वाले ग्रामीण बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की बात कही गई। मुखिया परिपूषा कुमारी ने कहा कि बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। नियमों का उल्लघंन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। वहीं, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी द्वारा जिले के 150 गांवो में सामाजिक उत्प्रेरण का कार्य करते हुए इस अभियान को चलाया जा रहा है। कसमार प्रखंड के 40 गांवों में बाल विवाह मुक्त गांव को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अभी तक 10 गांवों को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया परिपूषा कुमारी, वार्ड सदस्य सेवा देवी, सरिता देवी, पीएस मुखर्जी, ज्योति देवी, खिलेश्वरी देवी, बसंती देवी, चिन्ता देवी, नूनीबाला देवी, संध्या देवी सहित दर्जनों लोगों की मौजूदगी रही।

## बस्ताकोला में 20 से शुरू होगा दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला

**धनसार (आजाद सिपाही)। श्री झरिया धनबाद गोशाला बस्ताकोला में सोमवार से दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला शुरू होगा। शाम को 103 वां वार्षिक अधिवेशन शुरू होगी। जबकि रात को कवि सम्मेलन आयोजित होगी, जिसमें देश के कई राज्य से आए धुरंधर कवि व कवित्री हास्य व्यंग व देशभक्ति की रचनाओं से श्रद्धालुओं को सराबोर करेंगे। मंगलवार को छऊ नृत्य व चलचित्र आयोजन होगी। कवि सम्मेलन मे इंदौर के अशोक नागर, नागपुर के श्रद्धा शौर्य, झांसी के सुमित ओरछा, मुंबई के हिमांशु, कोटा के निशामुनी व इंदौर के राहुल शर्मा कविता व चुटकुलों से लोगों का मनोरंजन कराएंगे। कार्यक्रम में सिंफर के सीएसआईआर डॉ एके मिश्रा व सांसद पीएन सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता, झरिया विधायक पुर्णिमा सिंह व भाजपा नेत्री रागिनी सिंह उपस्थित होगी।**

## अरगामो में हुआ जागरण का आयोजन

**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरगामो ग्राम में छठ पूजा के अवसर शुक्रवार की देर रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी वासुदेव महतो एवं खरपीटो मुखिया नंदलाल साव ने किया। वासुदेव महतो ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र भक्ति मय हो जाता है। मौके पर मिथिलेश चौधरी, आनंद महतो, सोनू चौधरी, बालेश्वर रविदास, नीलकंठ नायक आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला**
**(आई0टी0डी0ए0)**

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में पोशाक एवं उपस्कर– बर्तन आदि की आपूर्ति एवं आवासीय विद्यालय के इतर के कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में उपस्कर – बर्तन आपूर्ति हेतु दिनांक – 29.11.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न तक निबंधित एवं प्रतिष्ठित थोक विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदा अलग– अलग आमंत्रित की जाती है। निविदा परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला के कार्यालय कक्ष में निर्धारित तिथि तक किसी भी दिन कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जायेगा एंव प्राप्त निविदाओं को दिनांक – 29.11.2023 अपराह्न 03.00 बजे क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा की शर्ते एवं सामग्रियों की सूची परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला के कार्यालय से निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0 गुमला

PR 311629 Welfare (23-24)_D


## डायबिटीज में आंखों की नियमित जांच करानी आवश्यक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्व मधुमेह दिवस पर बोकारो जनरल अस्पताल के नेत्र विभाग में एक मधुमेह रेटिनोपैथी शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय ने किया। बोकारो जनरल अस्पताल के नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सोफिया अहमद ने बताया कि डायबिटिक रेटिनोपैथी तब शुरू होती है जब रेटिना में रक्त वाहिकाएं बदलती हैं और आंख के पीछे तंत्रिका ऊतक की प्रकाश-संवेदनशील परतें ऑप्टिक तंत्रिका के माध्यम से मस्तिष्क तक विद्युत संकेत भेजती हैं। कुछ मामलों में रक्त वाहिकाएं सूज सकती हैं और तरल पदार्थ का रिसाव हो सकता है। रेटिना की सतह पर असामान्य नई रक्त वाहिकाएं विकसित हो जाती हैं। यह परिवर्तन गंभीर हैं और शुरूआती चरणों में आपको पता भी नहीं चलेगा कि ये हो रहे हैं। शिविर में 75 लोगों की रेटिना की जांच की गई, जिनमें से 20 लोगों में रेटिनोपैथी परिवर्तन पाया गया। शिविर में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के नेत्र विभाग की डॉ दीप्ती, डॉ अनुपम, डॉ सुशील और डी एनबी के छात्र भी शामिल थे। उपस्थित सभी लोगों को प्रासंगिक उपचार की सलाह दी गयी। बताया गया कि आंखों में पूरी रोशनी में भी रेटिनोपैथी हो सकता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन। | 3,82,08,300.00 | 7,65,000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –25.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–25.11.2023 से दिनांक–02.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.12.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.311615 Rural Development(23-24):D    कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।


**कार्यक्रम :** सीएसआइआर-सिंफर ने मनाया अपना 77वां स्थापना दिवस

# धनबाद सिंफर, आइआइटी आइएसएम और बीसीसीएल के लिए प्रसिद्ध : जनार्दन प्रसाद

### किसी भी देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरणीय-आर्थिक साझेदारी की होती है महत्वपूर्ण भूमिका : समीरन दत्ता

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान धनबाद ने शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ अपना 77वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के महानिदेशक जनार्धन प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल के सीएमडी समीर दत्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्थान के बरवा रोड स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आईआईटी-आईएसएम के प्रोफेसर धीरज कुमार, सीएसआईआर-सिंफर धनबाद के पूर्व निदेशक डॉ टीएन सिंह के साथ ही बीसीसीएल, सेल और आईआईटी-आईएसएम के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति भी शामिल हुए। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने सीएसआईआर-सिंफर धनबाद की स्थापना और इतिहास के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने यहां के संरचनात्मक डिजाइन, स्थिरता विश्लेषण, रॉक मास रेटिंग, सॉफ्ट कोक जैसे उल्लेखनीय विकसित प्रौद्योगिकियों, अभूतपूर्व उपलब्धियों, समाज व राष्ट्र के लिए किए गए महत्वपूर्ण योगदानों पर भी प्रकाश डाला। कहा कि आने वाले दिनों में यह संस्थान जीएसआई, बीसीसीएल, सेल, टाटा स्टील जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर खनन एवं ईंधन क्षेत्रों में और अधिक उन्नत प्रकार के शोध कार्य करेगा। इसके बाद संस्थान के 77 वर्षों के शानदान सफर को एक वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। वहीं, समीरन दत्ता ने सभी को सिंफर स्थापना दिवस की बधाई दी। बताया कि सिंफर और बीसीसीएल ने लंबे समय से साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने भारत में अनुसंधान और विकास के आर्थिक महत्व पर जोर देते हुए अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। कहा कि किसी भी देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरणीय-आर्थिक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः सिंफर को वैकल्पिक स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी, खनन के लिए ड्रोन के उपयोग, आदि जैसे क्षेत्रों में भी सहयोगात्मक परियोजनाएँ करने पर विचार करना चाहिए। वहीं, जनार्धन प्रसाद ने सिंफर की महान उपलब्धियों और कोयला विश्लेषण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि धनबाद तीन चीजों के लिए प्रसिद्ध है, सिंफर, आईआईटी आईएसएम और बीसीसीएल। उन्होंने जीएसआई द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि जीएसआई ने लिथियम सहित विभिन्न क्रिटिकलखनिजों के मानचित्रण आँकड़ों को अपने वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया है, जो सभी के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने सिंफर के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित करें, जिनसे इन खनिजों को निष्कर्षित किया जा सके। इसके अलावा जीएसआई और सीएसआईआर-सिंफर के बीच क्रिटिकल मिनरलों पर समझौता किए जाने का प्रस्ताव रखते हुए निरंतर अनुसंधान एवं विकास प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ प्रदीप कुमार बैनर्जी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जबकि मुख्य वैज्ञानिक डॉ जय कृष्ण पांडेय ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन तकनीकी अधिकारी कुमारी अंजलि ने किया। समापन समारोह के अलावा सिंफर परिपाटी के अनुरूप, पूर्वाह्न 8.30 बजे निदेशक आवास के निकट भूमि पूजन किया गया।


**झारखण्ड सरकार, अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा**
**गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
e.mail- simdega.jail@gmail.com

**ई0-निविदा सूचना (अति अल्पकालीन निविदा)**

1. कारा का नाम :– मंडल कारा, सिमडेगा।
2. विषय :– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यानों, हरी सब्जी, आलू, फल, दूध एवं अन्य विभिन्न खाद्य सामग्रियों (सामान्य शाखा) के निमित्त ई0निविदा का आमंत्रण:– चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2023 से 31.12.2023 तक के लिए
3. निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से त्रैमासिक अवधि हेतु अधीक्षक मंडल कारा, सिमडेगा को ऑनलाईन भुगतान करनी है।
   I. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   II. 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   III. 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 20.11.2023 को 10 बजे पुर्वाहन से 27.11.2023 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
5- Online निविदा डालने (जमा करने) की तिथि– 20.11.2023 को 10 बजे पुर्वाहन से 27.11.2023 के अपराह्न 04.00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 28.11.2023 को अपराह्न 04.00बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 29.11.2023 को अपराहन 01.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में प्राप्त original copy एवं नमूना (Sample) को खोला जाएगा।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website- www.jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, सिमडेगा

PR 311607 Police (23-24)_D


## लैप्रोस्कोपिक प्रक्रिया से प्रभावित गुर्दे को हटाया गया

# किम्स के डॉक्टरों ने कैंसर रोगी का सफलतापूर्वक इलाज किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग आयुर्विज्ञान संस्थान (किम्स) के डॉक्टरों ने एक कैंसर रोगी के शरीर में कोई निशान या कट पैदा किये बिना एक उन्नत लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से उसकी प्रभावित गुर्दे का एक हिस्सा निकाल कर उसे ठीक कर दिया है। ओड़िशा में यह प्रक्रिया दुर्लभ है और रोगी को दो दिनों के भीतर छुट्टी दे दी गयी थी। यूरोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर और एचओडी डॉ सुमंत मिश्र जिन्होंने जटिल ऑपरेशन किया, उन्होंने कहा कि जिन रोगियों को लैप्रोस्कोपिक विधि (गुर्दे को आंशिक रूप से हटाने) द्वारा आंशिक नेफ्रेक्टोमी के लिए जाने की सलाह दी जाती है, उन्हें महीनों तक इंतजार करना पड़ता है और अन्य राज्यों में जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा में बहुत कम अस्पताल इस ऑपरेशन को करते हैं। यह सर्जरी मधुमेह, उच्च रक्तचाप और गुर्दे की पुरानी बीमारी से पीड़ित एक 70 वर्षीय पुरुष रोगी पर की गयी थी। उनकी बायीं किडनी में 4 सेमी ७ 4 सेमी के आकार का ट्यूमर पाया गया था। रोगी को लेप्रोस्कोपिक आंशिक नेफ्रेक्टोमी का विकल्प दिया गया था क्योंकि उसे कई अन्य बीमारियाँ और पुरानी गुर्दे की बीमारी थी। अक्षुण्ण गुर्दे के साथ केवल कैंसर वाले हिस्से को निकालना उनके लिए सबसे अच्छा था। लेप्रोस्कोपिक विधि या कीहोल सर्जरी द्वारा आंशिक नेफ्रेक्टोमी बहुत कठिन है और सफलतापूर्वक प्रदर्शन करने के लिए सर्जन के उन्नत कौशल की आवश्यकता होती है, लेकिन डॉ मिश्र और उनकी टीम ने जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा कि मरीज कैंसर से पूरी तरह ठीक हो गया है और बाकी किडनी अच्छे से काम कर रही है। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने इस अग्रणी सर्जरी के लिए डॉक्टरों को बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि देखभाल और करुणा के साथ उन्नत उपचार प्रदान करना हमेशा किम्स का उद्देश्य रहा है।





## नंदनकानन में बहुप्रतीक्षित 'रोप वे' का उद्घाटन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 12 साल का इंतजार खत्म हुआ। कई वर्षों के बाद नंदनकानन चिड़ियाघर में रोप वे चालू हो गया है। कांजिया नहर पर रोप वे का निर्माण दामोदर रोपवे इंफ्रा लिमिटेड द्वारा 18 महीने में प्रस्तुत किया गया था और एनडीआरएफ टीम द्वारा दो बार मॉक ड्रिल किया गया था। प्राणी उद्यान में जंगल पर्यावरण मंत्री प्रदीप अमांत ने शुक्रवार दोपहर को उद्घाटन किया। जटनी विधायक सुरेश राउतराय और उत्तर विधायक सुशांत राउत सहित सभी प्राणी उद्यान के अधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों एवं पर्यटकों ने रोप वे पर भ्रमण किया। आमंत्रित अतिथि ने कहा कि सरकार की यह अच्छी पहल है, जहां देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर रोप वे हैं, वहीं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्राणी उद्यान नंदनकानन में रोप वे चलाया गया है। रोप वे टिकट की कीमत 120 रुपये से शुरू होती है, जबकि विदेशी पर्यटकों के लिए इसकी कीमत 220 रुपये रखी गयी है।

## राजधनवार राजघाट पहुंच कर पूजा समिति के लोगों से मिले लक्ष्मण सिंह



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह शनिवार को राजधानवार राजघाट पहुंच पूजा समिति के लोगों से भेंट की। इस क्रम में तीन दिवसीय छठ मेला की तैयारी का मुआयना भी किया। इस मौके पर श्री सिंह ने धनवरवासियों को छठ महापर्व की शुभकामना भी दी तथा छठी माता से सबों की कुशलता की कामना की। राज घाट की आकर्षक सजावट को देख वे काफी खुश हुए। इसके लिए पिछले एक माह से तन-मन से लगे पूजा समिति के लोगों, धनवरवासियों और कलाकारों की सराहना की।






















# नयागढ़ टाउन रेलवे स्टेशन पर आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयागढ़।** ट्रेन के पटरी से उतरने या दुर्घटना जैसी आपातकालीन स्थितियों के मामले में मंडल के सभी विभागों की तैयारियों की जांच करने के लिए खोरधा रोड मंडल द्वारा नयागढ़ टाउन रेलवे स्टेशन पर आपदा प्रबंधन पर एक मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। नयागढ़ टाउन रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्री स्पेशल के दो डिब्बों के पटरी से उतरने के दौरान मंडल द्वारा किए गए बचाव और बहाली कार्यों पर मॉक ड्रिल की गयी।

मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, एचएस बाजवा ने मॉक-ड्रिल में भाग लेते हुए कर्मचारियों से खुद को सतर्क रखने और ट्रेन के पटरी से उतरने या दुर्घटना जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास ऐसी वास्तविक घटनाओं के समय वास्तविक ऑपरेशन की प्रतिकृति है। खोरधा रोड मंडल से मेडिकल टीम, मुंडली/कटक से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम, ओडिशा आपदा रैपिड एक्शन फोर्स (ओडीआरएएफ)/ खोरधा, नयागढ़ से फायर ब्रिगेड अधिकारी, नयागढ़ पुलिस स्टेशन से स्थानीय पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ, नागरिक सुरक्षा अधिकारियों, खोरधा रोड स्काउट्स-गाइड्स और सभी शाखा अधिकारियों ने अपनी टीमों के साथ मॉक ड्रिल में भाग लिया। अपर जिला मजिस्ट्रेट, नयागढ़, दिलीप कुमार बल, अनन्या त्रिपाठी, जिला आपातकाल अधिकारी और नयागढ़ जिले के अन्य अधिकारी भी अभ्यास के दौरान उपस्थित थे। मॉक ड्रिल एमएनएस रमेश, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, खोरधा रोड मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी थी।

## डॉ आशुतोष विश्वास ने राज्यपाल से मुलाकात की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष विश्वास ने आज राजभवन में ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की। बैठक के दौरान डॉ विश्वास ने राज्यपाल को एम्स भुवनेश्वर में रोगी देखभाल से संबंधित कई विकास संबंधी मुद्दों से अवगत कराया। राज्यपाल रघुवर दास ने भी समाज के प्रति एम्स भुवनेश्वर के व्यापक दृष्टिकोण की सराहना की। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ बिस्वास ने कहा कि ओड़िशा के राज्यपाल के साथ-साथ देश के एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के साथ कई मुद्दों पर यह एक ज्ञानवर्धक बैठक थी।

## सुरेश चंद्र महापात्र को मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी श्री सुरेश चंद्र महापात्र बने मुख्यमंत्री के नये मुख्य सलाहकार। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। सरकार ने सुरेश महापात्र को पिछले फरवरी में ओइआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया था।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**